वर्ष : 18 अंक: 39 ग्वालियर • बुधवार 12 मार्च 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार



### बड़ा एक्शन : कई राज्यों में 150 से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाला गैंगस्टर अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**रांची ,एजेंसी।** झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में 150 से भी ज्यादा आपराधिक वारदात अंजाम देने वाला कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। यह मुठभेड़ पलामू जिले के चैनपुर में हुई है। अमन पिछले कुछ महीनों से छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में बंद था। झारखंड पुलिस ने उसे हाल में अंजाम दी गई घटनाओं के संबंध में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस की टीम उसे सोमवार की रात रायपुर से लेकर रांची ला रही थी। बताया गया कि रायपुर से रांची के रास्ते में चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा नामक जगह पर अमन के गैंग ने पुलिस की गाड़ी पर बम से हमला किया। इससे पुलिस की गाड़ी असंतुलित हो गई। पुलिस का दावा है कि अमन साहू ने मौके का फायदा उठाने की कोशिश की और पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें अमन साहू मारा गया। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू की मौत की पुष्टि की है।

### पंजाब के गुरदासपुर में किसानों और पुलिस के बीच झड़प, लाठीचार्ज में 8 किसान घायल

**गुरदासपुर ,एजेंसी।** पंजाब के गुरदासरपुर जिले के श्रीहरगोबिंदपुर साहिब के पास गांव नंगलझोर में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार आठ किसान घायल बताए जा रहे है। किसान नेताओं ने बताया कि श्रीहरगोबिंदपुर साहिब में गुजर रहे हाईवे को लेकर सरकार कब्जा लेना चाहती है, जबकि किसान नेता इसे नहीं देना चाहते है। इसी को लेकर किसानों-पुलिस प्रशासन के बीच टकराव हो गया। इस टकराव के दौरान कई किसानों की पगड़ियां उतर गईं।


## मॉरीशस में पीएम मोदी बोले: जोगीरा सा रा रा रा

# कहा : यहां से होली का रंग लेकर जाऊंगा, आपके लिए महाकुंभ का पवित्र जल लाया हूं

**पोर्ट लुइस,एजेंसी।** पीएम मोदी ने मॉरीशस के पोर्ट लुई में भारतीय अप्रवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के दो दिन के राजकीय दौरे पर हैं। मंगलवार शाम मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा। इस इवेंट में पीएम मोदी ने इंडियन डायस्पोरा को संबोधित किया। उन्होंने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा, जब 10 साल पहले आज की ही तारीख पर मैं मॉरीशस आया था, उस साल होली एक हफ्ते पहले बीती थी, तब मैं भारत से फगवा की उमंग अपने साथ लेकर आया था।

अब इस बार मॉरीशस से होली के रंग अपने साथ लेकर भारत जाऊंगा।

राम के हाथे-ढोलक होसे, लक्ष्मण हाथ मंजीरा, भरत के हाथ कनक पिचकारी, शत्रुघन हाथ अबीरा... जोगी रा सा रा रा रा रा....



### दोनों देशों के रिश्ते मॉरीशस की चीनी जैसे मीठे

पीएम ने कहा कि एक समय था जब भारत के पश्चिमी हिस्से में मिठाइओं के लिए मॉरीशस से भी चीनी आती थी। शायद यह भी एक वजह रही कि गुजराती में चीनी को मोरिस कहा गया। समय के साथ भारत और मॉरीशस के रिश्तों की यह मिठास और भी बढ़ती जा रही है।

### मॉरीशस की मिट्टी में भारत के पूर्वजों का खून-पसीना

मोदी बोले कि यहां की मिट्टी में, हवा में, पानी में अपनेपन का एहसास है। गीत गवाई में, ढोलक की थाप में, दाल पूरी में, कुच्चा में और गातो पिमा में भारत की खुशबू है, क्योंकि यहां की मिट्टी में कितने ही भारतीयों का, हमारे पूर्वजों का खून-पसीना मिला हुआ है।

### सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने का शुक्रिया

पीएम ने कहा कि आपने मुझे सम्मान दिया, इसे मैं विनम्रता से स्वीकारता हूं। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस धरती की सेवा की और मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए।

मैं मॉरीशस के हर नागरिक और यहां की सरकार का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

## पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाईजैक:

# बलूच आर्मी ने 30 सैनिकों को मारा, 214 यात्री कैद में

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि 214 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है, जबकि 30 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। बलोच उग्रवादियों ने बंधकों को युद्धबंदी कहा है। बीएलए ने अपने लड़ाकों के रिहाई के बदले इन बंधकों की अदला-बदली करने के लिए सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। बीएलए का कहना है कि यह फैसला बदलेगा नहीं। जाफर एक्सप्रेस सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली



थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इसके पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हुआ। शाम 10 बजे के अपडेट तक 8 घंटे बाद तक भी ट्रेन पूरी तरह बीएलए के लड़ाकों के नियंत्रण में है। पिछले साल 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात बीएलए ने इस ट्रेन के रूट में कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। इसके चलते ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हो गई थी।

# सरकार ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 लोकसभा में पेश किया, कांग्रेस ने किया विरोध

**नईदिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया। इसका उद्देश्य भारत के आव्रजन कानूनों को आधुनिक बनाना और उन्हें मजबूती प्रदान करना है।

इसके साथ ही यह भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रास्ते भी खोलेगा।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से इस विधेयक पेश किया। आइए जानते हैं इसमें क्या-क्या प्रावधान होंगे।

गृह राज्य मंत्री राय ने कहा, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज की आवश्यकता तय की जाए। केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां प्रदान की जाएं और विदेशियों से संबंधित मामलों को



विनियमित किया जाए, जिसमें वीजा और पंजीकरण की आवश्यकता शामिल है और उनसे जुड़े या आकस्मिक मामलों से निपटने के लिए आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 स्थापित करने की अनुमति दी जाए। इस विधेयक के पास होने के बाद कानून रूप लेने पर भारत के आव्रजन और विदेशी नागरिकों से जुड़े 4 पुराने कानूनों को समाप्त कर दिया जाएगा। इनमें विदेशी अधिनियम 1946, पासपोर्ट अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम 1939 और आव्रजन अधिनियम 2000 शामिल हैं। यह बिल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को प्राथमिकता देते हुए विदेशी नागरिकों के प्रवेश और निवास को कड़े नियमों के दायरे में लाने का प्रस्ताव करता है।

इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि अगर, किसी व्यक्ति की मौजूदगी देश की सुरक्षा के लिए खतरा बनती है या फिर वह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में अवैध रूप से नागरिकता प्राप्त करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम योगी ने की सफाई कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा बोले:

# माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का हुआ कायाकल्प

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। सीएम योगी ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ महाकुंभ के संदेश को साकार किया है। महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय प्रयागराज माफियाराज से जकड़ चुका था, दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहे थे। आज महाकुंभ के कारण उसका कायाकल्प हो गया।



यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन और पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। सीएम योगी ने सरकार के बाद सफाईकर्मियों के सम्मान के पहले सार्वजनिक आयोजन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थर भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को महाकुंभ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए।

उन्होंने आगे कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई और सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंतःकरण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंतःकरण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है।

# कमर्शियल वाहनों की ग्रीन कार्ड के बिना चार धाम में नो एंट्री : देहरादून आरटीओ

**देहरादून,एजेंसी।** चारधाम यात्रा में आने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को अब ग्रीन कार्ड के बिना एंट्री नहीं मिलेगी। इस बार ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को और भी सुगम बना दिया है।

देहरादून आरटीओ सुनील शर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि चारधाम यात्रा के लिए एक माह पहले ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। पीली प्लेट की जितनी भी गाड़ियां हैं उनके लिए ही ग्रीन कार्ड बनाना जरूरी होगा, चाहे वाहन प्रदेश का हो या दूसरे राज्य का हो।

बसों के संचालन के लिए यूनियन से बातचीत कर रोटेशन सिस्टम लागू किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि ग्रीन कार्ड एक फिटनेस सर्टिफिकेट है। बिना फिटनेस के वाहन चालकों को ग्रीन कार्ड नहीं मिलेगा। छोटी गाड़ी 400 और बड़ी गाड़ी की फीस 600 रुपये है। उसकी फिटनेस के बाद उसको ऑनलाइन ही ग्रीन कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

## राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर हंगामा,

# कहा: क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे

**नईदिल्ली ,एजेंसी।** बजट सत्र के दूसरे चरण में मंगलवार को राज्यसभा में नई शिक्षा नीति (एनईपी) और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर जोरदार हंगामा देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शिक्षा मंत्री




के बयान की निंदा की। इस दौरान जब उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने उन्हें रोका तो उन्होंने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे। इस बयान पर भाजपा नेता भड़क उठे। बाद में खड़गे को माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, एनईपी पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए मौका मिला था, लेकिन इस दौरान खड़गे ने बीच में बोलना शुरू कर दिया। उपसभापति ने उन्हें पहले बोलने को मौका दिए जाने की बात कहते हुए बैठने को कहा। इस पर खड़गे नाराज हो गए और कहा, सुबह शिक्षा मंत्री नहीं थे। यहां तानशाही चल रही है। आपको क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे। इस पर सदन में भाजपा सांसदों ने हंगामा कर दिया। खड़गे के शब्द चयन को सुधारने के लिए उपसभापति ने सही शब्दों का चयन भी खुद ही करवाया। ठोकेंगे वाली बात पर उपसभापति ने कहा कि आप दोनों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) आपस में बहस करेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि आप बहुत अनुभवी है और देश के लोग आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। इसके बाद खड़गे को खड़गे को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने फिर से कहा, हम सरकार को ठोकेंगे।

## केजरीवाल को बड़ा झटका

# दिल्ली की अदालत ने नई एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया


**नईदिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली का चुनाव हारने के बाद अब अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के राऊज एवेन्यु कोर्ट से केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ नई स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट में 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद रही नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जान बूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। शिकायत में इन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।



मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की और आज कोर्ट ने इस शिकायत को स्वीकार करते हुए पुलिस को 18 मार्च तक आदेश पर अमल को लेकर रिपोर्ट देने को कहा है।बता दें कि अदालत का यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने के बाद अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता से बेदखल किये जाने के कुछ सप्ताह बाद आया है, जिससे केजरीवाल की परेशानी एक बार फिर से बढ़ सकती है।

# रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी और लालू का क्या चलेगा : गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के बयान को लेकर उन पर हमला बोला है। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को अहंकारी बताते हुए कहा कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, तेजस्वी यादव अहंकार में हैं, उन्हें लगता है कि यहां 'लोकतंत्र' नहीं बल्कि 'राजतंत्र' है। वह संघर्ष करके राजनीति में नहीं



आए हैं बल्कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह अहंकार न करें, क्योंकि रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी और लालू का अहंकार क्या चलेगा। दरअसल, भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर ने होली के दिन मुसलमानों से घरों से नहीं निकलने की अपील की थी, जिसके बाद आरजेडी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तेजस्वी यादव ने भाजपा विधायक के बयान पर कहा था कि इस तरह का बयान कोई कैसे दे सकता है? मुख्यमंत्री कहां हैं? महिला विधायक जमीन से जुड़े मामलों पर सवाल करती हैं तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में फटकार लगाते देर नहीं करते हैं, तो क्या भाजपा विधायक के बयान पर मुख्यमंत्री उन्हें फटकार लगाएंगे? भाजपा के रंग में जदयू पूरी तरह आ चुकी है।

# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### स्थानीय कारीगरों को मिलेगा ग्लोबल-वोकल सपोर्ट

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'एक जिला-एक उत्पाद' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला।



जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।

### कला , हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों का हुआ सजीव प्रदर्शन

एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया। जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### खाद्य और कृषि उत्पादों को मिली नई पहचान

ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया।

# बुजुर्ग को मिला श्रवण यंत्र, दो परिवारों को मिला पात्रता पर्ची का लाभ

## संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 72 वर्षीय बुजुर्ग श्री देवीराम बैरवा निवासी सोठवा को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही दो परिवारों को तत्काल पात्रता पर्ची का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई। उन्होने ग्राम हलगावडा निवासी श्री महावीर रजक के आवेदन पर उसके मृतक माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश सीईओ जनपद श्योपुर को दिये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 169 आवेदन प्राप्त हुए।

**संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि की मांग के आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राही महिला श्रीमती बर्फी बाई निवासी जमूदी एवं श्रीमती नीलम आर्य निवासी गांधीनगर श्योपुर को अवगत कराया कि उनके प्रकरणों में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से 4-4 लाख रूपये की राशि भी प्राप्त होगी। श्रीमती बर्फी बाई के पति स्व. श्री नवलकिशोर सुमन एवं श्रीमती नीलम आर्य के पति स्व. श्री जितेन्द्र आर्य की मृत्यु सडक दुघर्टना में हो गई थी। इस पर संबल योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। इसी प्रकार श्रीमती संतोष बाई निवासी कमालखेडी वार्ड 11 श्योपुर को भी उक्त योजना के तहत पति स्व. श्री रामदयाल की बीमारी के चलते मृत्यु हो जाने से दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। इस प्रकरण में भी ईपीओ जारी हो चुका है।

**दो परिवारों को मिला पात्रता पर्ची का लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान पात्रता पर्ची संबंधी दो आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए पोर्टल पर नाम जुडवाने की कार्यवाही की गई। ग्राम नयागांव तेखण्ड निवासी श्री नरेश आदिवासी ने बताया कि खाद्यान पोर्टल से नाम हटने के कारण परिवार के सभी 5 सदस्यों को खाद्यान मिलना बंद हो गया है। इस पर फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा को निर्देश देकर तत्काल ही पोर्टल पर नाम जोडने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार ग्राम टर्रामाफी निवासी श्री भगवंत जागिड का नाम पात्रता पर्ची के लिए पोर्टल पर जोडने की कार्यवाही की गई। साथ ही आवास प्लस सर्वे में भी नाम जोडा गया।

**आवास आवेदनों का परीक्षण कर सर्वे में नाम जोडने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान श्री रामअवतार मीणा निवासी आवदा, श्री रामबहादुर मीणा निवासी बहरावदा, श्रीमती गणेशी बाई आदिवासी निवासी तेखण्ड, श्री मुकेश बैरवा निवासी अलापुरा, श्री परीक्षित मीणा निवासी अलापुरा, श्री शंकर मीणा निवासी प्रेमपुरा हवेली, श्रीमती आशा आदिवासी निवासी नयागांव तेखण्ड, श्री गोबरिया आदिवासी निवासी नयागांव तेखण्ड के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर आवास प्रभारी जिला पंचायत श्रीमती सारिका पाटीदार को निर्देश दिये कि उक्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र होने पर आवास प्लस सर्वे में नाम जोडने की कार्यवाही की जायें। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# खनिज के अवैध परिवहन कर रहे 8 वाहन पकड़े, 6 लाख से अधिक जुर्माना



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में रेत सहित अन्य खनिज के अवैध परिवहन, भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा खनिज का अवैध परिवहन कर रहे 8 वाहनो पर 6 लाख 28 हजार 322 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। माइनिंग विभाग द्वारा बीते सप्ताह खनिज का अवैध परिवहन करने वाले 8 वाहनों को अलग-अलग स्थानों से जब्त कर संबंधित थाना क्षेत्र में रखवाया गया है तथा प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत किये गये थे। जिस पर उक्त अर्थदण्ड करने की कार्यवाही की गई। माईनिंग विभाग द्वारा रघुनाथपुर, बडौदा, ढोढर एवं वीरपुर क्षेत्र में 5 डंपर गिट्टी खनिज, एक डंपर मिट्टी खनिज तथा रेत खनिज का अवैध परिवहन करते दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करने की कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही में माईनिंग आफिसर श्री राजेन्द्र परमार सिंह, माइनिंग इस्पेक्टर श्री अभिषेक पटले शामिल रहे।

# दिव्यांग को मिली ट्राईसिकल



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई में आये आवेदक श्री संजू जाटव निवासी लहचौडा को सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र के माध्यम से ट्राईसिकल प्रदान की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, पूर्व पार्षद श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी, श्री अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

# जिले में 196 लोकेशनों में वृद्धि के प्रस्ताव पारित

## नवीन बायपास ढेगदा क्षेत्र, रायपुरा, जाटखेडा में 50 प्रतिशत वृद्धि
## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्याकंन समिति की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला मूल्याकंन समिति की बैठक में श्योपुर जिले की कुल 1084 लोकेशन में से 196 लोकेशन पर वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज क्षेत्र सहित नवीन बायपास ढेगदा, रायपुरा, जाटखेडा में 50 प्रतिशत वृद्धि की गई है। बर्धाबुजुर्ग में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैठक में श्योपुर जिले की 2025-26 की गाइडलाइन में कुल 1084 लोकेशन में से 196 लोकेशन में उप जिला मूल्याकंन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों तथा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो पर व्यवसायिक क्षेत्र एवं विकास की संभावनाओं के आधार पर वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किये गये। इनमें से 398 लोकेशन नगरीय क्षेत्र की है, जिनमें 116 लोकेशन में वृद्धि के प्रस्ताव अनुमोदित किये गये है, जबकि 690 लोकेशन ग्रामीण क्षेत्र की है, जिनमें 80 लोकेशन पर वृद्धि के प्रस्ताव पास किये गये। इसके अलावा कराहल मैन रोड क्षेत्र में 50 प्रतिशत मानपुर एवं ढोढर रोड 50 प्रतिशत, अजापुरा रोड, ललितपुरा रोड एवं लहचौडा रोड पर 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विजयपुर मैन रोड 20 प्रतिशत, बडौदा में मैन रोड पर, पुलिस लाईन रोड एवं जैदा रोड श्योपुर पर 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, रजिस्टार श्री प्रेमनन्दन सिंह, सब रजिस्टार श्योपुर श्री सौरभ शाक्य, श्री रामकुवार डाबरिया एवं नगर निवेश, भू-अभिलेख, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**आमजन से सुझाव आमंत्रित**


जिला पंजीयक श्री प्रेमनन्दन सिंह ने बताया कि जिला मूल्याकंन समिति की बैठक में गाइडलाइन वर्ष 2025-26 के प्रस्तावों का अनुमोदन सर्व सम्मति से किया गया है। इन प्रस्तावों का अवलोकन आमजन जिला पंजीयक कार्यालय श्योपुर तथा उप पंजीयक कार्यालय विजयपुर में कर सकते है तथा अपने सुझाव प्रदान कर सकते है। इन प्रस्तावो पर सुझाव आमंत्रित करने के लिए 7 दिवस का समय निर्धारित किया गया है।

# समग्र आईडी से सत्यापन में आ रही समस्याओं को दूर करने शिविर आज

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन एवं आधार से लिंक किये जाने व ईएसएस से संबंधित समस्या, ईजीपीएस, फेल्ड पेंमेंट चालान, बजट, अन्य कोषालयीन गतिविधियों के संबंध में आज 12 मार्च को प्रातः 12 बजे जिला कौषालय कार्यालय श्योपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अजय पाण्डोरिया ने बताया कि ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जिन्हें समग्र लिंक करने में कठिनाई हो रही हो तथा जीपीएफ, फेल्ड पेंमेंट, चालान, बजट आदि कोषालयीन गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए उपस्थित रह सकते है। इस संबंध में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को भी पत्र जारी किया गया है कि उनके अधीनस्थ ऐसे कर्मचारी जिन्हें समग्र लिंक में किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो उन्हें उक्त शिविर में भेजकर जिला कोषालय की टीम के माध्यम से समस्या का निराकरण करा सकते है।

# परशुराम सेना ने पत्रकार के पक्ष में आंदोलन करने की दी चेतावनी

## महिला चिकित्सक द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज कराने का किया विरोध



**भिण्ड ब्यूरो।** महिला चिकित्सक रेनू शर्मा के द्वारा पत्रकार दीपक शर्मा पर झूठी एफआईआर कराए जाने के मामले में परशुराम सेना ने एंट्री की है। परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ने महिला चिकित्सक के कार्यकाल व क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन आदि की जांच की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो चिकित्सक एक महिला होकर भ्रूण हत्या जैसे घिनोने अपराध की पक्षधर हो उसका सार्वजनिक बहिष्कार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परशुराम सेना देश के चौथे स्तंभ पर होने वाले अत्याचार की घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि दीपक शर्मा एक पत्रकार होने के साथ ही परशुराम सेना का मीडिया प्रभारी है, ऐसे में उसकी मदद के लिए परशुराम सेना तत्पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम अपने पदाधिकारी की लड़ाई लड़ने के लिए सक्षम है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि परशुराम सेना इस मामले को लेकर एसपी से लेकर आईजी, डीजीपी व मुख्यमंत्री तक से मुलाकात करेगी। इसके लिए सड़क पर उतारकर आंदोलन तक किया जाएगा। परशुराम सेना ने पुलिस व प्रशासन से उक्त महिला चिकित्सक पर भ्रूण हत्या के आरोप में मामला दर्ज किए जाने की मांग की है।

**चिकित्सक को काले कारनामे बंद करने की दी चेतावनी**

परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में डॉ रेनू शर्मा को अपने काले कारनामें बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा हम इनकी संपत्ति की जांच कराएंगे और इनके द्वारा संचालित नर्सिंग होम के एक एक नॉर्म्स का परीक्षण कराकर दम लेंगे। जिलाध्यक्ष ने डॉ रेनू शर्मा की विभागीय जांच कराने के लिए पत्र लिखने की बात भी कही है।

# आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने आज यहां लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोडने के लिए पंचायत स्तर पर 8 मार्च से 24 मार्च तक शिविर लगाये जा रहे है, यह शिविर तीनो जनपद पंचायतो की पंचायतो में निर्धारित तिथि पर लगेंगे, शिविर के माध्यम से आवास के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायतो में पात्र हितग्राहियों के नाम सर्वे सूची में जोडने की कार्यवाही 31 मार्च तक की जायेगी। उन्होने निर्देश दिये है कि शिविर तिथि से पूर्व ग्राम सहित उसके मजरे टोलो में मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जायें तथा शिविर के स्थान, समय, तिथि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जायें। सर्वे पंजीयन में कोई भी पात्र हितग्राही शेष नही रहें।

**12 मार्च को यहां लगेंगे शिविर**

12 मार्च को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जानपुरा, दांतरदा कला, गलमान्या, ढोढर, लूण्ड, छोटाखेडा, कुंहाजापुर एवं ज्वालापुर में, विकासखण्ड विजयपुर अंतर्गत धोरेरा, गोहर, चिमलवानी, दोर्द, गोहरा, जमूदी एवं किन्नपुरा में तथा विकासखण्ड कराहल अंतर्गत बुखारी, हीरापुर, डोब, करियादेह में शिविर का आयोजन किया जायेगा।


# सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक निराकरण करें-सीईओ

## समय सीमा की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया जायें। सभी विभागीय अधिकारी अपनी विभागीय ग्रेडिंग में ए-ग्रेड का लक्ष्य पूर्ण करें। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में श्योपुर जिले की रैकिंग टॉप-10 में रहें, इसके लिए विभागीय अधिकारी शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण करें तथा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल एल-1 स्तर पर उचित जवाब भरें। उन्होने निर्देश दिये कि 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जायें। विभागीय अधिकारी कोर्ट प्रकरणों में जवाब दावे समय सीमा में प्रस्तुत करें तथा उसकी प्रति संबंधित शाखा को उपलब्ध कराई जायें। बैठक में एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# हेतमपुर स्टेशन पर विश्वसनीयता सुधार हेतु डुअल डिटेक्शन प्रणाली एवं रस्टी रेल ट्रैक के प्रतिस्थापन का सफल कमीशनिंग




**मुरैना,कांस।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में हेतामपुर स्टेशन पर विश्वसनीयता सुधार हेतु डुअल डिटेक्शन प्रणाली एवं रस्टी रेल ट्रैक के प्रतिस्थापन का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। इस नवीन प्रणाली की प्रमुख विशेषताएँ जी.जी. ट्रॉनिक्स निर्मित का इंस्टॉलेशन, जिसमें अप मेन लाइन, डाउन मेन लाइन एवं तीसरी मेन लाइन में मैनुअल प्रिपरेटरी रीसेट की सुविधा उपलब्ध है।रस्टी रेल ट्रैक पर डुअल एक्सल काउंटर डिटेक्शन के लिए ऑटो रिसेटिंग सुविधा। कुल MSDAC DP की संख्या - 70।कुल MSDAC ट्रैक सेक्शन - 45।अप एवं डाउन मेन लाइन तथा तृतीय लाइन पर DCTC को MSDAC के साथ डुअल रूप में प्रदान किया गया।रस्टी रेल ट्रैक की संख्या एक्सल काउंटर ट्रैक फेल्योर की स्थिति में ट्रैक को रीसेट करने हेतु स्टेशन मास्टर कक्ष में मैनुअल रिसेट बॉक्स की व्यवस्था।ऑपरेटिंग एवं S&T स्टाफ को OEM द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस नवीन प्रणाली से ट्रैक की विश्वसनीयता में वृद्धि होगी, जिससे परिचालन सुरक्षा एवं दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। उपरोक्त कार्य के सफल संस्थापन में वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर समन्वय नरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर मेन लाइनविष्णु गुप्ता, सहायक मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर प्रगति कुमार सहित सिग्नल टीम ग्वालियर द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत चित्रकला एवं प्रदर्शनी आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) पर्यावरण विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल और पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं निर्देशन में प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय बडौदा में किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण आधारित चित्रकला एवं प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र राज्य बीज निगम श्री राम जाटव उपस्थित रहे, इसके साथ ही प्रक्षेत्र प्रबंधक बड़ौदा श्री दिनेश तोमर, प्राचार्य श्री आरआर मुबेल, ईको-क्लब प्रभारी डॉ. कल्याण सिंह कुशवाह, डॉ. संजय सिंह चौहान, डॉ. मनीषा आर्य, श्री अभिषेक पाराशर आदि उपस्थित रहें। दो दिवसीय कार्यशाला अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# एक कार्यकर्ता और 4 सहायिकाओं को नोटिस जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण करने संबंधी निर्देशो के अनुसार परियोजना अधिकारी कराहल श्री नितिन मित्तल द्वारा आज ग्राम हसनपुर, हीरापुरा, बरगवा, पिपरानी, करांई स्थित आंगनबाडी केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केन्द्रों के संचालन, दस्तावेजो के संधारण तथा बच्चों को दिये जाने वाले नाश्ता और भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही वजन अभियान के तहत बच्चों के वजन क्रॉस चैक किये गये। पोषण ट्रेकर एप पर दर्ज बच्चों को रिकार्ड से मिलान किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र बरगवा -बी की कार्यकर्ता श्रीमती विनोद कुशवाह, आंगनवाड़ी केंद्र पिपरानी-ए की सहायिका श्रीमती बिंदिया आदिवासी, कराई-बी की सहायिका श्रीमती कमलेश आदिवासी, पिपरानी-बी की सहायिका श्रीमती बसरानी गुर्जर एवं बरगवा-बी की सहायिका श्रीमती कैलाशी बाई के अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। इसके साथ ही श्रीराम स्व सहायता समूह पिपरानी-ए, हनुमान स्व सहायता समूह कराई-बी और जयकाली स्व सहायता समूह हीरापुरा को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध नही कराने पर अनुबंध समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। इस दौरान पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा सोनी, श्रीमती ज्योति शाक्य उपस्थित रही।

# संयुक्त कलेक्टर ने जनसुनवाई में एक आवेदक की समस्या का तत्काल किया निराकरण

## जनसुनवाई में श्री वीर सिंह को मौके पर ही मिली ट्राई साईकिल, संयुक्त कलेक्टर ने जनसुनवाई में 72 से अधिक प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 72 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आने वाले तहसील मिहोना के ग्राम ररी शिकारपुरा निवासी श्री वीर सिंह पुत्र श्री टीकाराम दोहरे द्वारा दिव्यांगता के कारण दैनिक दिनचर्या के कामों में होने वाली परेशानी के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर संयुक्त कलेक्टर ने श्री वीर सिंह की परेशानियों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुये तत्काल संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर श्री वीर सिंह को मौके पर ही तत्काल ट्राई साईकिल उपलब्ध कराई। अपनी समस्या का निराकरण हो जाने पर श्री वीर सिंह ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# कलेक्टर ने प्रधान डाकघर भिण्ड में गबन प्रकरण में दोषी पाये गये कर्मचारी एवं उनके रिश्तेदारों के नाम स्थित समस्त अचल संपत्ति संबंध में यथास्थिति बनाए रखने किया आदेश

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि अधीक्षक डाकघर चम्बल संभाग मुरैना द्वारा पत्र दिनांक 14 फरवरी 2025 से अवगत कराया है कि प्रधान डाकघर भिण्ड में रूपये 1,97,00,000 (एक करोड संतानवें लाख रूपये) का गबन प्रकरण प्रकाश में आया है जो कि जांच के दौरान बढ़कर रूपये 2,12,00,000 (दो करोड बारह लाख रूपये) हो चुका है। प्रकरण की प्रारम्भिक विभागीय जांच के दौरान श्री सोनू कुमार मीणा एवं श्री प्रमोद सिंह भदौरिया मुख्य दोषी पाये गये हैं तथा श्रीमती निशा नरवरिया एवं श्री पुरुषोत्तम शर्मा की भूमिका सहदोषी (बव-ींविमदकमत) के रूप में, संलिप्त पाई गयी है। प्रकरण में लिप्त शासकीय हानि की राशि एवं गंभीरता को देखते हुये कार्यवाही किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः प्रकरण में दोषी पाये गये कर्मचारी एवं उनके रिश्तेदारों के नाम स्थित समस्त अचल संपत्ति (विभागीय स्तर पर ज्ञात के अतिरिक्त भी) संबंध में यथास्थिति बनायी रखी जावे। जिसमें कर्मचारी श्री सोनू कुमार मीणा, डाक सहा. एवं कार्यवाहक खजांची प्रधान डाकघर भिण्ड (वर्तमान में निलंबित) निवासी हाल शिवाजी नगर भिण्ड स्थायी पता ग्राम लौरबाडा, तालाब गांव तहसील लालसोट जिला देवास के संबंधी श्री लल्लू प्रसाद मीणा (पिता), श्रीमती प्रेम देवी (माता), श्री मोहा लाल (भाई), कर्मचारी श्री प्रमोद सिंह भदौरिया, कार्य. पोस्टमास्टर भिण्ड (निलंबित) निवासी बालाजी नगर अटेर रोड भिण्ड के संबंधी श्रीमती ममता (पत्नी), श्री उदित प्रताप (पुत्र) श्री रूद्र प्रताप (पुत्र), कर्मचारी श्रीमती निशा नरवरिया, लेखापाल डाकघर भिण्ड (निलंबित) निवासी हाल निवासी शारदा टाकीज के पास भिण्ड के संबंधी श्री धीर सिंह (पिता), श्री अंगूरी देवी (माता), श्री देवेन्द्र सिंह (पति), श्री अनन्त प्रताप सिंह (पुत्र) श्री अनिरूद्व प्रताप सिंह (पुत्र), कर्मचारी श्री पुरुषोत्तम शर्मा, कैश ओवरसिर प्रधान डाकघर भिण्ड (निलंबित) निवासी वीरेन्द्र नगर नगरपालिका के सामने भिण्ड के संबंधी श्रीमती सरोज (पत्नी), श्री कार्तिक बाबू (पुत्र), निधी शर्मा (पुत्री) के नाम स्थित समस्त अचल संपत्ति (विभागीय स्तर पर ज्ञात के अतिरिक्त भी) संबंध में यथास्थिति बनायी रखी जावे। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# समर्थन मूल्य पर चना व सरसों उपार्जन के लिए भी हो रहा है पंजीयन

## किसान भाई 17 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**भिण्ड ब्यूरो।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भिण्ड श्री एस.के. धुर्वे ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये चना, सरसों मसूर के उत्पादक किसानों का पंजीयन भी किया जा रहा है। किसान भाई अब 17 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने किसानों के हित को देखते हुए समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 17 मार्च कर दी है पंजीयन से शेष रहे किसान अपना पंजीयन अविलंब कराएं और लाभ कमाएं, जिले में पंजीयन का काम जिले के 34 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां एवं एमपी किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास भिण्ड ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन इसलिये भी जरूरी है कि यदि मंडी के भाव गिरने पर किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराया होगा।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी का मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने गत् एक वर्ष में विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत्उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है। बैठक में टीकमगढ़ के विधायक श्री यादवेन्द्र सिंह, कटंगी विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी और कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी ने ऊर्जा विभाग के कार्यों में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। उप सचिव ऊर्जा श्री मंदार पुराणिक ने पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन से विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत जिले के मछुआरों को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत जिले के मछुआरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण मत्स्य बीज प्रक्षेत्र ग्वालियर कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण में मत्स्य उत्पादन, झींगा उत्पादन एवं स्मार्ट पार्लर के संबंध में मछली पालकों को विस्तार से जानकारी दी गई। मत्स्य पालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किसानों के प्रशिक्षण में तीन दिवस विषय विशेषज्ञों द्वारा शिविर में आकर मत्स्य पालन के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी गईं तथा मत्स्य पालन में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी अवगत कराया गया। मत्स्य पालन के साथ-साथ झींगा उत्पादन की भी जानकारी मत्स्य पालकों को प्रदान की गई। शिविर में विभाग द्वारा शहर में स्थापित किए जा रहे स्मार्ट फिश पार्लर के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही फिश पार्लर को लेने के लिये क्या-क्या कार्रवाई की जाना हैं, इसके संबंध में भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मत्स्य उत्पादकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का भी उन्हें जानकारी दी गई।

# भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव**

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# खेत से चारा लेकर लौट रहे व्यक्ति की करंट से मौत

## परिजनों ने सराय छोला थाने के पास शव को रखकर किया चक्का जाम



**मुरैना,कांस।** सराय छोला थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत से चारा लेकर लौट रहे 45 वर्षीय किसान कल्लो गुर्जर की लटकते बिजली के तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-44 पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। घटना मंगलवार 12 बजे के लगभग की है। बता दें कि, मुरैना जिले के सराय छोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हेतमपुर गांव में मंगलवार दोपहर किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हेतमपुर निवासी कल्लो गुर्जर (45 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कल्लो गुर्जर सुबह अपने खेत पर चारा काटने गया था।

दोपहर करीब 12 बजे वह सिर पर चारे की गठरी लेकर अपने घर लौट रहा था।तभी रास्ते में एक बिजली का तार नीचे लटक रहा था, जिसकी चपेट में आकर उसे जोरदार करंट लगा। करंट लगते ही कल्लो जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। गुस्साए ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास नेशनल हाईवे-44 पर सराय छोला थाने के पास जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

**पुलिस पहुंची मौके पर**

मामले की सूचना मिलते ही सराय छोला थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए ग्रामीण तत्काल कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर करीब चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही करीब 4:00 मृत व्यक्ति के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है ।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन की तारीख अब 17 मार्च तक

**ग्वालियर।** रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल के उपार्जन हेतु प्रदेश भर में किसानों की उपज खरीदी हेतु पंजीयन की तारीख बढ़ाकर शासन ने 17 मार्च 2025 कर दी है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों के पंजीयन की पूर्व में तारीख 10 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 17 मार्च 2025 कर दिया गया है। किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन हो, इसके लिये राज्य सरकार द्वारा तारीख बढ़ाई गई है। इस वर्ष चने का समर्थन मूल्य 5650 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर का 6700 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपए निर्धारित किया गया है। किसान भाई निर्धारित उपार्जन केन्द्र पर पहुँचकर अपनी उपज विक्रय सकेंगे।

# जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन : मंत्री श्री सिलावट

## प्रदेश में 30 मार्च से चलेगा 'जल गंगा संवर्धन अभियान'

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि हर घर स्वच्छ पेयजल और खेती के लिए हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं के बाद ताप्ती मेगा बेसिन परियोजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्धेश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता जल संसाधन श्री विनोद कुमार देवड़ा सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल संसाधन विभाग में प्रदेश में 32 वृहद, 120 मध्यम एवं 5 हजार 800 लघु जल संरचनाएं हैं। इनमें बनाए गए बांधों की नहर प्रणाली 40 हजार किलोमीटर की है जिनमें 16 हजार किलोमीटर पक्की और 24 हजार किलोमीटर कच्ची नहरें हैं। इन नहरों से सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाना है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। यहां की चंदेल कालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है। जल संसाधन संभाग छतरपुर में 44, टीकमगढ़ में 71 और पन्ना में 5 चंदेल/बुंदेलकालीन तालाब हैं। अभियान के अंतर्गत इन सभी का संरक्षण किया जाना है। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए छोटी-छोटी




योजनाएं बनाकर कार्य कराया जाए। आगामी बारिश के पूर्व प्रदेश के सभी पुराने बांधों एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। इसके लिए गत वर्ष में जिन-जिन तालाबों/ जल स्त्रोतों में क्षति हुई उनकी सूची बनाई जाए तथा उन जल स्त्रोतों का विशेष ध्यान रखा जाए। बांधों की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय किए जाएं। जल संसाधन मंत्री ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने बेसिन के अंतर्गत आने वाली जल संरचनाओं के संरक्षण एवं विकास का कार्य सुनिश्चित करें। जल संरक्षण एवं विकास कार्य में जन सहयोग लें। सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत तालाबों को रख-रखाव के लिए गोद दिया जा सकता है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के इस कार्य में समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धर्म गुरूओं, मीडिया आदि का पूरा सहयोग लिया जाए। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत प्रदेश में 10 रिवर बेसिन (नदी कछार) हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान में होने वाली प्रमुख गतिविधियां

सभी नहरों को विलेज मेप पर राजस्व विभाग की सहायता से मार्क किया जाना तथा विलेज मेप पर ÷शासकीय नहर÷ अंकित किया जाना।

बांध तथा नहरों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना।

नहर के अंतिम छोर पर जहां नहर समाप्त होकर किसी नाले मे मिलती है, उस स्थान पर किलो मीटर स्टोन लगाया जाना।

40 हजार किलोमीटर की नहर प्रणाली में मनरेगा की सहायता से सफाई का कार्य किया जाना।

जलाशयों में यदि रिसाव की स्थिति हो तो रिसाव रोकने के लिये पडल तथा आवश्यक हटिंग कार्य किये जा रहे हैं।

तालाब के पाल (बंड) की मिट्टी के कटाव अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्मित किये जाने का कार्य।

तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि की मरम्मत का कार्य।

स्टॉप-डेम, बैराज, वियर में गेट लगाना तथा मेन-वॉल, साइड-वॉल, की-वॉल, एप्रॉन इत्यादि में मरम्मत/अतिरिक्त निर्माण कार्य।

जल संरचनाओं के किनारों पर यथा संभव बफर - जोन तैयार किए जाकर जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण का कार्य किए जाना। फ्लशबार की मरम्मत का कार्य किए जाना।

स्लूस वैल की सफाई का कार्य किए जाना।

# टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत आवेदन माँगे

## अनुसूचित जनजाति के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये मिलेगी आर्थिक मदद

**ग्वालियर।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिले के युवाओं को टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये 15 मार्च तक आवेदन माँगे गए हैं। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल samast.mponline.gov.in पर भरे जा सकते हैं। साथ ही इसकी हार्डकॉपी शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिसके लिये सरकार द्वारा पाँच वर्षों तक ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस दी जाती है। इस योजना के तहत जिले में 47 युवाओं को लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो और परिवार आयकरदाता न हो। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 47 इकाईयों का लक्ष्य मिला है। विस्तृत जानकारी के लिए शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# मंत्री श्री सारंग करेंगे सहकारिता विभाग में 25 अनुकंपा नियुक्ति पत्रों का वितरण

**भोपाल ।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार 12 मार्च को अपेक्स बैंक परिसर के समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंपेंगे। मंत्री श्री सारंग इसी के साथ ई-पेक्स के लिए एक दिवसीय हैंड्स ऑन रिफ्रेशर प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ भी करेंगे। प्रशिक्षण में सहकारिता विभाग, जिला बैंक एवं पेक्स के लगभग 650 प्रतिभागी शामिल होंगे। सहकारिता विभाग में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों के आकस्मिक देहावसान के बाद उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिये मंत्री श्री सारंग के निर्देशन में एक अभियान के रूप में कार्रवाही प्रारंभ की गई है। इन सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों को बुलाकर समय सीमा में उनका सत्यापन करा लिया गया है।

# बसैया माता के दर्शन करने जा रहे पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत, पत्नी गंभीर

**मुरैना,कांस।** के पोरसा से माता बसैया दर्शन के लिए जा रहे एक परिवार के तीन सदस्यों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। खेड़ा मेवदा गांव के पास एक स्कूल वैन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 25 वर्षीय आकाश कुशवाहा और उनके 4 महीने के बेटे सैम की मौके पर ही मौत हो गई। आकाश की पत्नी रेनू गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने स्कूल वैन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर की है। बता दें कि, मुरैना जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और मासूम बेटे की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों की पहचान आकाश कुशवाहा (25 वर्ष) और उनके 4 महीने के बेटे सैम के रूप में हुई है। यह हादसा तब हुआ जब आकाश अपनी पत्नी रेनू और बेटे के साथ माता बसैया के दर्शन करने जा रहे थे। आकाश अपने बेटे सैम की पूजा कराने के इरादे से मोटरसाइकिल से पोरसा से माता बसैया जा रहे थे।

**खेड़ा मेवदा गांव के पास दुर्घटना**

घटना खेड़ा मेवदा गांव के पास हुई, जब एक स्कूल वैन ने उनकी मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश और उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रेनू गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया।

**माता बसैया पुलिस पहुंची मौके पर**

सूचना मिलते ही माता बसैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने आकाश और उसके बेटे सैम को मृत घोषित कर दिया, जबकि रेनू की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भिजवा दिया गया है।

**पकड़ी गई स्कूल वैन** पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्कूल वैन को पकड़ लिया है और वैन चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्कूल वैन तेज गति से आ रही थी, जिससे ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और यह भीषण हादसा हो गया।

**बड़े उत्साह के साथ जा रहा था पूजा कराने** परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि आकाश अपने बेटे सैम की पूजा कराने के लिए बड़े उत्साह के साथ माता बसैया जा रहे थे। लेकिन यह हादसा उनकी खुशियों को मातम में बदल गया। आकाश की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला** पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कहती है पुलिस** युवक आकाश अपनी पत्नी और बेटे के साथ माता बसैया मंदिर जा रहा था तभी रास्ते में खेड़ा मेवदा गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कूल वैन ने टक्कर मार दी जिससे आकाश और उसके बेटे की मौके पर मौत हो गई। स्कूल वैन को जप्त कर लिया गया है। पीएम कराया जा रहा है।

**जयपाल गुर्जर, थाना प्रभारी, थाना माता बसैया, मुरैना**

# पिकनिक मनाने गया युवक की डेम में नहाते समय पानी में डूबने से मौत



**मुरैना,कांस।** माता बसैया थाना क्षेत्र के कोतवाल डैम के पास पिकनिक मनाने के लिए आए हुए थे,तभी कुछ युवक सामूहिक रूप से स्नान कर रहे थे इस दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया, जिससे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई,इसके बाद साथी युवाओं द्वारा पुलिस को सूचना दी गई ,सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से पानी मे डूबे युवक की तलाश की गई,जिसके बाद काफी देर बाद युवक आदित्य पुत्र पुरुषोत्तम बघेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम घुसगवां थाना दिमनी को मृत अवस्था में पानी से बाहर निकाला गया। । इसके बाद में मृत युवक के शव को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया और शव को पीएम हाउस भिजवा दिया। बता दें कि डॉक्टर ने पोस्टमार्टम करने के बाद आज मंगलवार को करीब 3:00 बजे शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बताया जाता यह घटना आज मंगलवार को करीब 11:30 की बताई गई है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मावा एवं रसगुल्ले का लिया सेम्पल

## नमूने जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम निरंतर क्षेत्र में घूमकर जाँच कर रही है एवं खाद्यान्न के नमूने भी एकत्र कर रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बृजेश शिरोमणि ने दल के साथ मंगलवार को मोर बाजार में पाठक मावा भण्डार तथा बालाजी डेयरी प्रोडक्ट एवं पाल मावा भण्डार व सद्गुरु मावा भण्डार का निरीक्षण किया और इन फर्मों से मावे के नमूने प्राप्त किए। इसके साथ ही शानौ शौकत शिंदे की छावनी का निरीक्षण कर रसगुल्ले के नमूने प्राप्त किए। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लिए गए नमूनों की जांच के लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

म 92 (1) (क)(!!!)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप

मध्यप्रदेश शासन

**नगर पालिक निगम ग्वालियर**

ई-निविदा — दिनांक 11.3.2025

| क्र. | एन.आई.टी.क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_394387_2 05.03.2025 | मौलिक निधि वार्ड 06 में उचाडिया बाबा मंदिर के सामने सार्वजनिक स्थान पर पिलर देकर छत निर्माण व टाईल्स, ग्रेनाईट इत्यादि | 1 माह 423277.48/- | 2000 4232/- | 19.03.2025 |
| 2 | 2024_UAD_392078_2 10.03.2025 | सभापति निधि वार्ड 32 मरीमाता महलगांव सामुदायिक भवन निर्माण | 1 माह 1301512/- | 2000 9761/- | 25.03.2025 |
| 3 | 2025_UAD_408597_1 10.03.2025 | मौलिक निधि वार्ड 16 में रेशम मिल भटटे वाला मैदान पार्क के चारों ओर इंटरलोकिंग टाईल्स एवं असिस्टेंट में टाईल्स बाउन्ड्रीवाल पुताई कार्य कराये जाने विलो राशि | 2 माह 1061482.60/- | 2000 7961/- | 09.04.2025 |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in इनआईटी देख सकते है।
2.एनआईटी में सशोधन, यदि कोई होता है तो केवल बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा और समाचार पत्र में नही।
3. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपाया नगर पालिक निगम, ग्वालियर में सम्पर्क करें।

आरओ क्र.200

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्वालियर विधानसभा**
**नगर निगम ग्वालियर**

## संपादकीय

# भाषा के झगड़े को तूल

मराठी को महाराष्ट्र और मुंबई की भाषा है, यहां रहने वाले व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी के बयान के बाद उठे विवाद पर कहा। जोशी ने कहा था, मुंबई की एक भाषा नहीं है, मुंबई में कई भाषाएं हैं। अलग-अलग इलाकों की अलग-अलग भाषाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई आने वालों को मराठी सीखने की कोई जरूरत नहीं। इस पर विपक्षी महाअघाड़ी में शामिल राजनीतिक दल इस विवाद में एकजुट हो गए और जोशी के बयान की आलोचना की। हालांकि बाद में जोशी ने बयान से पलटते हुए अपनी टिप्पणी को गलत तरीके से देखे जाने की बात की और मराठी को महाराष्ट्र व मुंबई की भाषा बताया। शिवसेना (उद्धव) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने जोशी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। देश के संविधान में 22 भारतीय भाषा को मान्यता दी गई है, जबकि आधिकारिक भाषाएं आज भी हिन्दी व अंग्रेजी ही हैं। राजनीति के चलते 2018 में इसमें असमिया व मणिपुरी को भी इसमें शामिल किया गया। विभिन्न राज्यों के लोग अपनी-अपनी भाषाओं को संविधान की अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाते रहते हैं। स्थानीय स्तर पर इन भाषाओं का महत्त्व होने के बावजूद आम जनता के लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। दक्षिणी राज्यों में भी हिन्दी का जो विरोध होता है, उसके पीछे शुद्ध राजनीतिक कारण हैं। व्यावहारिक स्तर पर जोशी की बात सटीक हाने के बावजूद भाषाई विवाद को तूल देने वाले भी अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। यह सही है कि मुंबई में मराठी बोलने वालों से गुजराती बोलने वाले भी कम नहीं हैं। दूसरे मुंबई हिन्दी फिल्मों का गढ़ है। जो दुनिया भर में देश की पहचान ही नहीं कायम करते हैं। भाषा के झगड़े को तूल देने की जरूरत तो नहीं है मगर भैयाजी को भी अपना बयान सिर्फ इसीलिए वापस लेना पड़ा क्योंकि इससे मराठी भाषियों की भावनाएं आहत होने की आशंकाएं बढ़ रही थीं। मातृभाषाओं से प्रेम करने वाले भारतीय अपने देश की अखंडता और सहिष्णुता को भाषाई विभेद से बहुत ऊपर आंकते हैं। यही कारण है कि हम इतनी सारी बोलियों व भाषाओं को साथ लेकर चलते रहे हैं।

# भक्ति भाव से परिपूर्ण गंगोली की होली

(रमाकान्त पन्त-विभूति फीचर्स)



ऐसा माना जाता है ब्रज के बाद होली का धूमधड़ाका और कहीं होता है तो कुमाऊं में। यहां भी गंगोली की होली का जबाव नहीं। माता महाकाली के आंगन में गायी जाने वाली होली का रंग तो भक्ति के उत्साह से परिपूर्ण रहता ही है।उत्तराखण्ड में यूं तो पौष माह के पहले रविवार से ही बैठक होली यानि हारमोनियम, तबला, ढोलक की संगीत की राग-रागिनी आधारित होलियां गाने का सिलसिला शुरू हो जाता है, लेकिन होली की असली शुरूआत बसंत पंचमी से होती है, जब घर-घर पीले रंग में रुमाल रंग जाते हैं। घर की खोली या दरवाजे की चौखट पर गाय के गोबर के सहारे जौ के पौधे की झालर बांधी जाती है और कुरकुरे सुरचादु पुए पकाकर चाव से मिल बांट कर खाये जाते हैं। इस दिन से वातावरण में फागुनी गंध धुलनी शुरू हो जाती है। बसंत पंचमी से गांव-कस्बों में जगह-जगह होली की रात्रि बैठकें जमनी शुरू हो जाती हैं, जिनमें काफी सहाना, पीलू, धमार आदि रागों पर आधारित होली गीत हारमोनियम, तबले, ढोलक की थाप पर झूम-झूम कर गाये जाते हैं। इस होली गीत को 'मसिणि होली' कहा जाता है। इन होलियों के गायक जरूरी नहीं कि संगीत के बाकायदा जानकार ही हों, बस हारमोनियम बजाना और होलियों की तर्ज आना ही काफी होता है। राग की शुद्धता के बजाय सुर-ताल का ख्याल रखते हुए मिलजुल कर मात्र तुकबंदी लगाकर गाने और उसका आनंद उठाने को ही महत्व दिया जाता है। शिवरात्रि तक 'मसिणि होली' वाली बैठकों की धूम रहती है। शिव रात्रि से 'मसिणि होली' के अलावा असली पहाड़ी होली गीत, जिन्हें बैठ होली कहा जाता है, गाने का भी सिलसिला शुरू हो जाता है। घर बाखली के पटांगण या मंदिर प्रांगण में धूनी जला कर उसके चारों ओर देर रात तक बैठ होलियां गायी जाती हैं। इसमें होली गाने वाले 'होलारों' के दो समूह बंट जाते हैं। एक समूह मुख्य होली गायक जिसे जिलार कहते हैं, के साथ होली की शुरूआत करता है और दूसरा समूह उन्हीं को दोहराता जाता है। होली गायन के साथ ढोलक मजीरों को बजाया जाता है। पहली मीटर होली, सिद्ध विनायक गणपति की महिमा में गायी जाती है।

एक दंत गजो लम्बोद है।
सिद्ध करत विघ्न हरत, पूजो गणपति देवा।

उसके बाद शिव, राम, कृष्ण आदि देवताओं, देवियों के जीवन चरित्र व लीला पर आधारित होली गीतों का गायन होता है। ढोलकों की ढम-ढम और मंजीरों की छम-छम के साथ जाने वाली बैठक होलियों से समा बंध जाता है। बैठ होली में गांवों के सारे उपस्थित व्यक्ति गाने में सहभागिता करते हैं, जबकि मसिणि होली में गाने बजाने के शौकीन या गा सकने वाले ही भाग लेते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से होली का वास्तविक रंगमय दौर शुरू होता है, जिसमें गांव के सभी लोग सफेद कपड़े पहन कर उसमें रंग के छींटे डाल कर ही होली में भाग लेते हैं। एकादशी या कहीं-कहीं दशमी को निश्चित मुहूर्त पर लाल व सफेद रंग के 'निसाण' (ध्वज) बांधे जाते हैं। जिनके शीर्ष पर मोरपंख, चवर, पुच्छ तथा रंग-बिरंगे रेशमी चीर भी टांके जाते हैं। यह कार्य गांव के प्रधान या मुखिया के आंगन या किसी मंदिर प्रांगण में होता है। निसाण बांधने के बाद होली के सफेद कपड़े पहन कर चलते हुए ठाड़ि होली की खास व आकर्षक विधायें हैं। खड़ी होकर नाचते झूमते हुए गायी व खेली जाने वाली इन होलियों का वास्तविक आनंद प्रत्यक्ष देखकर ही प्राप्त हो सकता है। एकादशी से रात्रि के अलावा दिन भर की होली खेलने गाने का अंतिम चरण शुरू हो जाता है, जिसमें पूरे गांव के होलारों का दल एकादश से पूर्णमासी तक एक पूर्व निर्धारित क्रम के साथ प्रतिदिन बारी-बारी गांव की हर बाखली, हर घर, गांव बिरादरी के छोटो तोकों तथा सभी देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर होली खेलता है और इसी तरह पांच रातों को भी अलग-अलग बाखलियों के प्रांगणों या कहीं-कहीं मंदिर परिसर में भी होली की रात्रि बैठकें जमती हैं। हर घर या बाखली में पहले 'ठाड़ि होली' गायी जाती है। फिर गोल वृत्त में बंजर होता है तथा बैठकर होली गायी जाती है।

हर घर में होली के निसाणों की आरती भेंट होती है, होलारों पर रंग छिड़का जाता है। अबीर गुलाल लगाया जाता है तथा गुड़ की डली, सौंप सुपारी, बीड़ी-सिगरेट से होलारों या हुरियारों का सत्कार किया जाता है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर होते हुए आगे-आगे लाल, सफेद निसाण, उसके पीछे नगरा, दमुवा, झांझर, तुरही आदि लोक वाद्य बजाने वालों के साथ छोलिया नृतक और पीछे-पीछे होलयारों का समूह चलता है।

## शब्द सामर्थ्य -352

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# सिर्फ तमाशबीन पार्टी बन कर रह गई कांग्रेस

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चुनाव हार रही है। लेकिन उससे पहले जब वह जीती और दो बार लगातार केंद्र में सरकार में रही तब भी उसका लोकप्रिय समर्थन अधिक नहीं था। जब वह कई राज्यों में सरकार में थी और केंद्र में भी उसकी सरकार थी तब भी कांग्रेस का जनाधार घट रहा था। कारण था भगवा रंग। वह भगवा, हिंदू विमर्श से बाहर होती गई। हालिया महाकुंभ प्रायोजित मगर लोकप्रिय विमर्श था। उत्तर भारत के हर गांव, घर में पिछले दो महीने से सिर्फ महाकुंभ की चर्चा थी। लेकिन कांग्रेस कहीं भी उस चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाई क्योंकि वह इस लोकप्रिय नैरेटिव से बाहर थी। कई दशक पहले से ऐसे ही थी लेकिन वास्तविक अर्थों में 1989 से कांग्रेस की गिरावट है। पिछली सदी के आखिरी एक दशक में दो लोकप्रिय विमर्श हुए थे। पहला, अयोध्या में राम मंदिर का आंदोलन और दूसरा पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण देने वाले मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करना। इन दोनों लोकप्रिय राजनीतिक विमर्शों में से कांग्रेस नदारद थी या फिर रिसीविंग एंड पर थी। यानी वह सबके हमले का निशाना बनी रही। हर तरफ से इन दोनों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया गया था। हैरानी नहीं है जो पिछले साढ़े तीन दशक से ये ही दोनों नैरेटिव किसी न किसी रूप में भारतीय समाज और राजनीति दोनों को गाइड कर रहे हैं। पिछले 35 साल में मंदिर और मस्जिद का नैरेटिव स्थापित हुआ है और चला है या फिर आरक्षण का विमर्श चला है। इन 35 वर्षों में कांग्रेस 15 साल सत्ता में रही लेकिन न तो वह इन दोनों विमर्शों का हिस्सा बनी और न इसे बदलने के लिए उसने कोई वैकल्पिक नैरेटिव खड़ा किया। सोचें, कांग्रेस के पास 1991 से 1996 तक का कैसा मौका था! उस समय वह चाहती तो मंदिर और आरक्षण यानी धर्म और जाति के राजनीतिक विमर्श को आर्थिक और विकास के विमर्श में बदल सकती थी। लेकिन उसने नहीं किया। नरसिंह राव की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को उदारीकरण के रास्ते पर लाकर बड़ा मौका दिया था। अगर कांग्रेस उनके साथ ईमानदारी से खड़ी होती तो सारे विमर्श बदल जाते। देश में उद्योग धंधे लगते, रोजगार और नौकरियों के नए अवसर बनते, भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में शामिल होता लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जो हुआ उसका आकार बहुत छोटा और रफ्तार बहुत धीमी रही। इसका कारण यह था कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने में लगे रहे। इसके लिए जरूरी था कि नरसिंह राव जो कर रहे थे उसको कमतर दिखाया जाए। इस चक्कर में कांग्रेस पार्टी मंदिर और आरक्षण की राजनीति करने वाली भाजपा व समाजवादी पार्टियों के साथ खड़ी हो गई। हालांकि वह उस विमर्श का हिस्सा भी नहीं बन सकी। सिर्फ तमाशबीन पार्टी बन कर रह गई।

# वास्तविक बनाम काल्पनिक भय

प्रदीप छाजेड़
( बोरावड )



हम वास्तविक घटना और काल्पनिक घटना दोनों को ही जानते हैं । यह एक-दूसरे से भिन्न, भिन्न ही क्या एकदम अभिन्न हैं ।एक तो जो घटित हो चुकी हैं अच्छी हुई या बुरी, ठीक हुई या गलत। जैसी भी हुई उसे तो हमको स्वीकृत करना ही होगा और गले लगना होगा ताकि और कुछ करने का हमारे मन में विकृत ना हो ।दूसरी बात जो अभी तक घटित नहीं हुई है उसके बारे में सोचने लगना कि कही ऐसा तो ना हो जाए, वैसा तो ना हो जाए, यह होगा तो क्या होगा आदि - आदि यह काल्पनिक आशंका से आशंकित सोच एकदम गलत विकृत हैं । मनुष्य का स्वभाव होता है वह काल्पनिक शंका व भय से मुक्त नहीं हो पाता है। सबके भय के अनेक कारण हो सकते हैं पर मुख्य रूप से आत्मविश्वास की कमी, नकारात्मक सोच , अंधविश्वास और निर्मुल आशंकाएं व भय आदि है। उसको सकारात्मक सोच , संतोष, आत्मविश्वास व आत्म बल आदि से ही दूर कर सकते हैं ।अतीत की दुखद स्मृतियों को भूलने में ही भलाई है क्योंकि गया समय कभी भी वापस नहीं आता हां उससे सीख अवश्य ले सकते हैं और भविष्य की चिंता छोड़ना जरूरी है ,क्योंकि यहां अगले पल क्या होने वाला है, पता नहीं। चाहे कितने भी ख्वाब सजा ले जो होना होगा , वही होगा इसलिए अच्छा है कि वर्तमान में हंसी खुशी के पल बिता लें। हमें सकारात्मक सोच से सदैव आगे बढ़ना है । गलती से कोई बीमारी आ ही जाए तो यह सोचना है कि कर्म के उदय से यह आई है , चली भी जाएगी।संतोष, आत्मसंयम व दृढ़ता आदि से उसका सामना करना है ।जो होगा सही होगा, अच्छा होगा यही भाव सदैव रखना हैं ।

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। हार्डवेयर का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में रुचि लेंगे। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। ट्रांसफर में आ रही दिक्कतें आज खत्म होंगी, ट्रांसफर आपकी मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का पद और सम्मान बढ़ेगा। लवमेट आज किसी नई जगह घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**वृषभ**
आज का दिन आपको कारोबार में लाभ दिलाने वाला है। आज आपको किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलने का मौका मिलेगा। सी-टीईटी की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन आज खत्म होगी, जिससे घर में शांति का माहौल बना रहेगा। आज शिक्षक किसी जरूरी टॉपिक के बारे में छात्रों को बताएंगे। कई दिनों से स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मिथुन**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको किसी प्रकार का शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर में उत्साह का माहौल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी, आपका मन प्रसन्न रहेगा। मोबाइल एक्सेसरीज का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होने वाला है। आज अपने परिवार के प्रति विनम्र रहने की आवश्यकता है। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, घरवाले आपके प्रस्ताव पर सोच-विचार करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहने वाला है।

**कर्क**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको बाहर के मसालेदार खाने से परहेज करने की जरूरत है, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में अपना पूरा फोकस काम पर रखें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज माता-पिता को स्पेशल फील कराएंगे, उनकी पसंद का गिफ्ट उन्हें दे सकते हैं। आज लवमेट डिनर पर जा सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में हो रही छोटी मोटी नोक-झोंक समाप्त होगी, जिससे आपके रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। रेस्टोरेंट का कारोबार शुरू करने का विचार बना रहे लोगों को किसी बड़े की सलाह लेनी चाहिए। आज विद्यार्थी वर्ग किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे। आज ऑफिस के किसी टारगेट को अचीव करेंगे। आज आप फ्रेंड्स के साथ पिकनिक स्पॉट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके दांपत्य रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य तरो ताजा रहने वाला है। ग्राफ़िक डिजाइनर्स को जॉब के ऑफर आएंगे। आज अपने काम को समय से पूरा कर लेंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही परेशानी आज खत्म होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आप चुस्त दुरुस्त बने रहेंगे। साइबर कैफ़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। लवमेट आज आपके लिए कुछ स्पेशल करेंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से होगी, जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। प्रेस में काम कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

**तुला**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बैंक से लोन लेने में आ रही परेशानी आज खत्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा। कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों का आज ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्ट सेल होगा। आज अपने जीवनसाथी की पसंद का पकवान बनायेंगी, उन्हें बेहद खुशी होगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। आज परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। बीबीए स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। थोड़ी और मेहनत से सफलता जरुर मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन नए व्यापार को शुरू करने के लिए बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस से जरूरी कॉल आ सकती है, आज आपको मीटिंग अटेंड करनी पड़ सकती है। दांपत्य रिश्ते में हो रही अनबन आज खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ दिन मनोरंजन से भरा रहेगा। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। आज अपने घर के बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान दें और समय पर दवाइयां दें। लवमेट को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों को आज अच्छा धन लाभ होने वाला है।

**धनु**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप वाहन खरीदने का विचार परिवार के साथ कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए आपको और मेहनत की आवश्यकता है, सफलता जरुर मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। नेगेटिव थिंकिंग रखने वाले लोगों से आज आपको दूरी बना कर रखनी चाहिए। आज आप परिवार के किसी बड़े का आशीर्वाद पाएंगे, आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा।

**मकर**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की जरुरत है। लवमेट को आज काफी देर तक फोन पर बात करने का अवसर मिलेगा। आज वकील वर्ग को किसी केस में जीत हासिल होगी। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी पढ़ाई को गति देने की आवश्यकता है। क्रॉकरी का कारोबार कर रहे लोगों को बिजनेस में आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**कुंभ**
आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से काफी राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी, जिससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आपके पिता किसी जरूरी बात पर आपकी सलाह लेंगे। विद्यार्थियों को आज किसी टॉपिक को समझने में परेशानी आ सकती है। ड्राईफ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों को कारोबार में अच्छा प्रॉफिट होगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मीन**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। आज किसी पर अधिक भरोसा करने से पहले उसे अच्छे से जान लें। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने का सही समय है। ऑनलाइन बिजनेस कर रहे लोगों को आज बड़ा ऑर्डर मिलने के योग है। इस राशि के लोगों को आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज बच्चों को किसी कार्य में अपनी माँ का सहयोग प्राप्त होगा। लवमेट आज डिनर पर जाने का मौका पाएंगे।


# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का भारत

अरविन्द जैमिनी



नेपाल की सीमा से लगा बिहार का जिला चंपारण स्वाधीनता संग्राम के दौरान काफी चर्चित और सक्रिय रहा था। जहां आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने कहा था कि नशा आत्मा और शरीर दोनों का नाश करता है। जिसे जड से खत्म करना होगा। उन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि भारत देश नशा मुक्त होकर देश की जनता आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर पर उन्नति करे।

देश को गरीबी, निरक्षरता और छुआछूत जैसी बुराईयों और कुरीतियों से मुक्ति गांधी जी का सपना था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूम्बर को भारत में देश भर में शुष्क दिवस (शराब बंदी एवं नशा मुक्त), नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है तथा देशभर में बडे जोर-शोर से जगह जगह भाषण होते हैं, रैलियां निकाली जाती हैं कि गांधी जी के सपनों का नशा मुक्त भारत का निर्माण करेंगे और उसके दूसरे दिन से ही शराब तथा नशे की दुकानें खोली व सजाई जाती हैं। जिस प्रकार त्योहारों पर घरों तथा मिठाई की दुकानों को सजाया जाता है, उससे भी ज्यादा चौराहों पर शराब की दुकानों को सालभर सजाया जाता है। नशीले पदार्थों की तस्करी बढना भी चिंता का विषय है तथा अवैध रुप से आयोजित रेव पार्टियां नशे की भयाभयता को दर्शाती है। नशे के सौदागरों व्दारा नशीले पदार्थों की तस्करी भी चिंता का विषय है। समाचार पत्रों, न्यूज चेनलों के माध्यम से आये दिन ज्ञात होता रहता है कि शराब व नशाबंदी को लेकर देश के विभिन्न राज्यों में समाज सेवियों, महिलाओं /बच्चों व्दारा धरना प्रदर्शन किये जाते हैं, रैलियां निकाली जाती हैं, जिम्मेदार अधिकारी/ नेताओं को ज्ञापन दिये जाते हैं। लेकिन नशाबंदी को लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसके दुष्परिणाम स्वरुप गांव, शहर, गली मोहल्ले शराब/नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं और बच्चे, महिलायें, युवावर्ग नशे का उपभोग करने लगते हैं। जिससे आमजन के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह मानसिक और शारीरिक रूप से व्यक्ति को कमजोर और निर्बल बना देता है। नशे के कारण लोग अपने परिवार, दोस्तों, साथियों और समाज को छोड़कर अकेलेपन का शिकार हो जाता है। समाचार पत्रों, न्यूज चेनलों के माध्यम से यह भी ज्ञात होता रहता है कि देश में नशे के कारण जघन्य अपराध ड्कचोरी, डकैती, बलात्कार, एक्सीडेंट, प्राणघातक बीमारी, लडाई, झगडे, महिला -बच्चों पर अत्याचार, अराजकता की घटनायें होना आम बात है, जिसके कारण कई परिवार गरीबी -तंगहाली में



जीने हेतु मजबूर हो जाते हैं। उक्त के परिणाम स्वरुप ही नकारात्मक घटनाओं से समाचार पत्र भरे होते हैं उनमें सकारात्मक खबरों की संख्या बहुत ही नगण्य होती हैं।

देश के राज्य जिनमें बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैण्ड (शराब एवं नशे पर प्रतिबंध) तथा ओडिशा (शराब एवं नशे पर प्रतिबंध विचाराधीन) की सरकारें अपनी प्रजा की खुशहाली के लिये साहसिक कदम उठाये जाने पर बधाई की पात्र हैं। लेकिन विडंबना यह भी है कि शराब एवं नशे पर प्रतिबंधित राज्यों से लगी दूसरो राज्यों (जिनमें प्रतिबंध नहीं है) वहां से चोरी-छिपे शराब व नशे की तस्करी की जाती है। शराब एवं नशे पर प्रतिबंधित राज्य सरकारों से भारत सरकार एवं देश की अन्य राज्य सरकारें सीख ले सकती हैं। वर्ष 2009 में गुजरात भारत का एकक् मात्र ऐसा राज्य बन गया जिसने शराबबंदी कानून के उल्लंघन के लिये मृत्यदंड का प्रावधान किया था। उक्त कानून गुजरात में अवैध शराब पीने से 136 लोगों की मौत के बाद लागू किया गया था, उस समय मा. नरेन्द्र भाई मोदी जी राज्य के मुख्यमंत्री थे। बिहार के मुख्यमंत्री मा. नीतिश कुमार व्दारा 1 अप्रैल 2016 को प्रदेश में शराबबंदी कानून लागू करने के बाद महिलाओं एवं सामाजिक समूहों ने उनके कदम की व्यापक सराहना की। 5 जनवरी 2017 को देश के प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र भाई मोदी जी ने बिहार में शराब पर प्रतिबंध लगाये जाने पर मुख्यमंत्री मा. नीतिश कुमार के उक्त कदम को साहसिक कदम बताया। उन्होने भाषण में कहा था कि सामाजिक बदलाव लाना एक कठिन काम है। समाज को भी इसमें सहयोग करना चाहिये।

ऐसा भी ज्ञात होता है कि देश में जिन राज्य सरकारों व्दारा शराब बंदी /नशामुक्त घोषित किये गये हैं तथा पावंदिया लगायी गयी हैं साथ ही आमजन को जागरुक किया गया है वहां पर अराजकता /अपराध तथा गरीबी का ग्राफ काफी कम हुआ है। जिसके परिणाम स्वरुप वहां पर परिवारों तथा आमजन में भाईचारा, सामाजिक कार्यों के प्रति रुचि, अच्छे संस्कार, व्यापार तथा बचत का ग्राफ बढा है।

भारत सरकार तथा राज्य सरकारों से कुछ लोगों को छोडकर (जिनकी संख्या नगण्य होगी) आमजन, महिलायें, बच्चे स्वच्छ वातावरण, सुरक्षा तथा खुशहाल माहौल की अपेक्षा रखते हैं, जो कि नशा मुक्त भारत में ही संभव प्रतीत होता है। देश में आमजन, महिलाओं व बच्चों के उत्थान, उनकी सुरक्षा तथा उनके उज्जवल भविष्य के दृष्टिगत आगामी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 02 अक्टूबर पर आने वाली जयंती पर उनके सपनों को साकर करने हेतु शराब तथा अन्य समस्त मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त तथा सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाना उचित होगा तथा देशभर में शराब व नशा मुक्ति के साथ ड्कसाथ स्वच्छ भारत अभियान में अभिशाप बने तम्बाखू मसाला गुटखा (केंसर रोग का प्रमुक कारण) को भी पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने हेतु कठोर कदम उठाये जाने होंगे। देश में नशा खोरी ऐसे ही चलती रही तो लाखों जिंदगियां व परिवार तबाह होते रहेंगे। जिसके निवारण के लिए सामाजिक जागरूकता लाना भी बहुत आवश्यक है, जिसके लिये सर्वप्रथम समाज को जागरुक करना तथा नैतिक चेतना लानी होगी। वर्तमान में ग्वालियर चंबल संभाग के संत श्री हरिगिरि जी महाराज व्दारा शराब व नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के गुर्जर समाज में सकारात्मक परिणाम देखे जा रहे हैं। अत~ संत श्री हरिगिरि जी महाराज का अनुसरण करते हुये समस्त समाज सेवियों, धर्म गुरुओं, साधू संतों, पुजारियों तथा पंडित पुरोहितों व्दारा भी नशे के विरुध्द देश भर में सघन जागरुकता अभियान चलाये जाने की आवश्यक्ता है। देश में शराब तथा अन्य मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त तथा सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाये जाने पर नशा मुक्त भारत में ऐसा अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत अपराध व आकस्मिक घटनायें स्वतः कम हो जावेंगी। जिससे देश में गरीबी को भी जल्दी समाप्त किया जा सकेगा। क्योंकि ज्यादातर आमजन और मध्यम परिवारों के शराब व नशे की गिरफ्त में आ जाने पर उनके घर परिवार बर्वाद हो जाते हैं तथा गली मोहल्ले व समाज में अराजकता फैलती है एवं अपराधों में बृध्दि होती है। जो कि गरीबी का मुख्य कारण बनता है। शराब व नशा बंदी के बाद देशभर में आबकारी अमले का पुलिस विभाग में संविलियन कर सकते हैं। जिससे पुलिस विभाग में अधिकारी एवं कर्मियों की कमी को भी दूर किया जा सकता है। देश में शराब व मादक पदार्थों से प्राप्त राजस्व की बात है तो शासन व्दारा देश में अपराध, एक्सीडेंट एवं बीमारियों के नियंत्रण हेतु अस्पतालों /न्यायालयों/ पुलिस व्यवस्था आदि पर जो व्यय करना होता है। नशा मुक्त भारत में उक्त व्यय में काफी कमी आने का अनुमान है। जिससे स्वतः ही शराब व मादक पदार्थों से प्राप्त राजस्व की भरपाई हो सकती है तथा देश में पशु पालन, दुग्ध उत्पादन, ऑर्गेनिक खेती आदि को बढावा देकर उनसे प्राप्त आय से भी कुछ हद तक उक्त राजस्व की भरपाई हो सकती है, ऐसा अनुमान हैद्य अतः नशा मुक्त भारत में ही गांधी जी के खुशहाल भारत की कल्पना साकार हो सकेगी।

**(लेखक अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा म.प्र. के प्रदेश महामंत्री हैं)**

# लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी 28 फरवरी तक सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकृत करें। दिसम्बर माह के 21 प्रकरण अभी लंबित हैं। इनका संबंधित अधिकारी एक माह में निराकरण करें। सभी संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिलाधिकारियों से पेंशन प्रकरणों की पूरी जानकारी प्राप्त कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। पेंशन प्रकरणों के लंबित रहने पर संबंधित जिलाधिकारियों के साथ-साथ संभागीय अधिकारी पर भी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि 21 मार्च को सतना जिले के मझगवां में जन कल्याण शिविर लगाया जा रहा है। इसमें सभी संभागीय अधिकारी शामिल होंगे। भ्रमण के दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की के साथ स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण भी किया जाएगा।

कमिश्नर ने कहा कि पाँच संभागीय महिला अधिकारियों ने ग्राम रीठी में आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों और महिलाओं को पोषण किट देकर सराहनीय पहल की है। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्धारित फ्रेम से बाहर निकलकर इसी तरह के नवाचार की आवश्यकता है। कम पोषित बच्चों, दिव्यांगों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के कल्याण के लिए सभी संभागीय अधिकारी मिलकर प्रयास करें। संभाग को क्षय रोग से मुक्त बनाने के लिए क्षय नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत अधिकारी निक्षय मित्र बनकर गरीब क्षय रोगियों को पोषण किट प्रदान कर उन्हें सहयोग करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में विभिन्न विभागों की सुनी गई समस्याएं



**रीवा,कासं.।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समस्याएं सुनी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 61 आवेदकों की सुनवाई की तथा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान उमरी निवासी प्रभाशंकर तिवारी ने आवागमन हेतु रास्ता दिलाए जाने, नष्टिगवां निवासी रामावतार मिश्रा ने नक्शा तरमीम करने, अजगरहा निवासी शीला देवी ने अवरूद्ध रास्ता खोले जाने तथा पुष्पराज नगर निवासी कुसुम पाण्डेय ने बेजा कब्जा हटाने के आवेदन दिए जिन्हें संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही किए जाने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार सुरेन्द्र अवधिया बड़ी हर्दी के आवास प्रदाय किए जाने के आवेदन, रीवा से श्रेष्ठा तिवारी के प्रधानमंत्री ई श्रम खाद्य पर्ची के आवेदन को संबंधित जनपद के सीईओ को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर निगम क्षेत्र रीवा अंतर्गत बरा मोहल्ले के निवासियों ने नाली व रोड से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे कार्यवाही हेतु नगर निगम को प्रेषित किया गया। शहीद अंसारी महसांव के विद्युत बिल में सुधार के आवेदन को खाद्य अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। जबकि रकरिया के निवासियों ने शासकीय रास्ता को खोलने तथा बधरी निवासी अमर सिंह ने दर्ज नक्शे के अवरूद्ध रास्ता को आवागमन हेतु प्रारंभ करने के आवेदन दिए जिन्हें संबंधित एसडीएम को प्रेषित कर परीक्षण उपरांत कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक बसंत कुमार सिंह ने स्वत्वों के भुगतान कराने तथा त्योंथर के दिनेश कुमार मिश्रा ने सहकारी बैंक से वेतन उपादान राशि का भुगतान कराने का आवेदन दिया जिसे संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कमिश्नर ने विभिन्न प्रकरणों में की जनसुनवाई

**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता से प्राप्त विभिन्न आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें। वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनसुनवाई में पेंशन प्रकरण के निराकरण, जमीन के नामांतरण, छात्रवृत्ति वितरण, उपचार सहायता सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 12 मार्च को ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में मनरेगा, आवास, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन, मध्यान्ह भोजन एवं 15वां वित्त सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद के सीईओ से जानकारी सहित बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### श्रम न्यायालय रीवा में होगी औद्योगिक विवाद के 11 प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा,कासं.।** श्रम न्यायालय रीवा में औद्योगिक विवाद के 11 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। अपर श्रमायुक्त इंदौर द्वारा इनकी सुनवाई के लिए श्रम न्यायालय रीवा को प्रकरण सौंप दिए गए हैं। इस संबंध में अपर श्रमायुक्त ने बताया कि आवेदकगणों उग्रसेन पाण्डेय, मुकुंदलाल, निखिलेश कुमार शुक्ला, ओमप्रकाश पाण्डेय, पप्पू साकेत, बृजेश कुमार शुक्ला, मनोज पाण्डेय, श्रवण कुमार शुक्ला, सज्जन सिंह पटेल, मनोज तिवारी तथा बलराम कुशवाह के प्रकरणों की सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा में की जाएगी।

### पीसी एण्ड पीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा,कासं.।** स्वास्थ्य विभाग में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 12 मार्च को शाम 4 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर के मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने संबंधितों से नियत समय में बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### मऊगंज में 14 मार्च को बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

### फरार आरोपी पर 20 हजार का ईनाम घोषित

**रीवा,कासं.।** थाना सोहागी में दर्ज आपराधिक प्रकरण में आरोपी बृजेन्द्र केवट आयु 35 वर्ष घटना दिनांक से फरार है। इसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। इसे निरस्त करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**रीवा,कासं.।** भारत सरकार द्वारा युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप एवं बेहतर मेंटरशिप दिलाने के उद्देश्य से पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की गयी है। इस योजना का वर्तमान में दूसरा चरण जारी है। योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गयी है। इस संबंध मे प्राचार्य आईटीआई रीवा ने बताया कि ऐसे उम्मीदवार जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के बीच है तथा सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और अन्य किसी आप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजना के तहत हर माह 5 हजार रूपये इंटर्नशिप राशि एवं 6 हजार रूपये का ग्रांट भी दिया जायेगा।

# जन सहभागिता से ही रीवा रेडक्रास इकाई उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है : कलेक्टर

## रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक संपन्न



**रीवा,कासं.।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जन सहभागिता से ही रीवा रेडक्रास इकाई उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। इसके द्वारा सेवा कार्यों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्य प्रदेश स्तर पर सराहे गए हैं। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी में सक्रिय सहयोग व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीवा शहर के लोग सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं। रेडक्रास सोसायटी में हर क्षेत्र, हर वर्ग के व्यक्तियों को शामिल करने का उद्देश्य है कि इसका व्यापक दायरा हो और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के विचार, दृष्टिकोण व सुझाव मिलें जिससे और भी उल्लेखनीय कार्य किए जा सकें। उन्होंने लोगों से इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की ताकि रीवा रेडक्रास सोसायटी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रमुखता से लिया जाने लगे। बैठक में सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रास में सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सबके समन्वित प्रयासों से ही रेडक्रास इकाई विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। शीघ्र ही रेडक्रास कार्यालय में ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी तथा मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी होगा। वार्षिक सामान्य सभा में सचिव डॉ विनोद श्रीवास्तव ने गत बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करते हुए वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन समक्ष में रखा। इस अवसर पर ऑडिटर की नियुक्ति के लिए अनुपम बेरी का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन ने आय-व्यय विवरण पत्रक प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि वर्ष 2023-24 से मार्च 2025 तक सोसायटी को एक करोड़ 16 लाख 35 हजार 300 रुपए की आय हुई और व्यय एक करोड़ एक लाख 33 हजार रुपए रहा। वर्ष 2025-26 में संस्था को एक करोड़ 33 लाख 80 हजार 200 रुपए की राशि प्राप्ति का अनुमान है। सामान्य सभा की बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सज्जन सिंह को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने की सर्व सहमति रही। इस अवसर पर रेडक्रास इकाई को राज्य स्तर पर प्राप्त उत्तम इकाई के प्रथम पुरस्कार के लिए तालियाँ बजाकर बधाई दी गई। सामान्य सभा की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, वाइस प्रेसिडेंट जयंत खन्ना, सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन वाइस चेयरमैन एके खान ने किया।

---

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 73,800 स्तर से नीचे

**मुंबई ,एजेंसी।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.35 बजे सेंसेक्स 371.74 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,743.43 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 104.25 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.05 पर था। निफ्टी बैंक 349.75 अंक या 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,867.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 567.80 अंक या 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,872.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 252.05 अंक या 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,946.10 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फ्लिप-फ्लॉप टैरिफ पॉलिसी और इससे उत्पन्न अनिश्चितता ने अमेरिकी शेयर बाजारों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, कल एसएंडपी 500 और नैस्डैक में क्रमशः 2.6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की गिरावट आई, जो ट्रंप के टैरिफ और साल के अंत तक अमेरिका में मंदी की संभावना के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया है। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि स्थिति कैसे ठीक होती है। बाजार में चल रहे सुधार का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि भारत अब अमेरिका से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। पिछले एक महीने के दौरान, एसएंडपी 500 में 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, निफ्टी में केवल 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि डॉलर इंडेक्स ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के समय 109.3 से गिरकर अब 103.71 पर आ गया है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, जोमैटो, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, टीसीएस, पावरग्रिड, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। जबकि, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स और टाइटन टॉप गेनर्स रहे।

### एक्स' के खिलाफ साइबर हमला, एलन मस्क ने दी जानकारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** 'एक्स' यूजर को सोमवार को उस वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा, जब एक्स पर यूजर कुछ भी सर्च नहीं कर पा रहे थे। इसके पीछे क्या वजह थी, वह भी सामने आई है। बताया गया है कि एक्स पर साइबर अटैक हुआ था। जिसकी वजह से सारी सेवाएं ठप हो गई थीं। इस बात की जानकारी 'एक्स' प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क 'एक्स' पर पोस्ट कर दिया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक्स पर एक बड़ा साइबर हमला हुआ, इसके पीछे के लोगों का पता लगाया जा रहा है। हम पर हर दिन हमला होता है, लेकिन यह बहुत सारे संसाधनों के साथ किया गया था। या तो एक बड़ा, समन्वित समूह और/या एक देश इसमें शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है। एक्स के डाउन होने की समस्या देशभर में देखने को मिली। एक यूजर ने एक्स के डाउन होने पर लिखा, क्या ट्विटर डाउन है? क्या किसी और को भी यह समस्या हो रही है। एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि कोई वास्तव में नहीं चाहता कि एक्स कामयाब हो। आश्चर्य है कि इसके पीछे कौन है। एक्स के डाउन होने के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी साझा करते हुए यूजर नजर आए। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया यूजर शिकायतें दर्ज करते हुए नजर आए। एक्स को अक्टूबर 2022 में मस्क ने अधिग्रहित किया था। एक्स को खरीदने के बाद मस्क द्वारा बड़े पैमाने पर छंटनी की गई थी। कई बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाला गया। बता दें कि अब एक्स सोशल मीडिया हैंडल पहले की तरह ही सर्चिंग कर रहा है और किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आ रही हैं। हालांकि, एक्स के डाउन के बाद अभी भी सोशल मीडिया यूजर पूछते हुए नजर आ रहे हैं क्या एक्स पर पोस्ट कर सकते हैं। क्या सब कुछ ठीक हो गया है।

# बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं : ऋषभ पंत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था। हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।

पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं। पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं।

कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को मजबूती से पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है।

कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40 हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है। कई बार, ऐसा लग सकता है कि मैं बल्ला फेंक रहा हूं, लेकिन वास्तव में, मैं बस उस डिलीवरी का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा होता हूं। अगर मेरा बल्ला फिसल जाता है, अगर यह मेरे हाथ में नहीं है, या यहां तक कि अगर यह मेरे सिर पर भी लग जाता है - तो उस समय मेरा एकमात्र ध्यान बाउंड्री ढूंढना होता है। यही मेरी सोच है।

# अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया। अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली। हालांकि शापोवालोव ने अपनी लय पाई , लेकिन हाल ही में डलास ओपन चैंपियन विजेता को कभी भी मुश्किल में नहीं डाल पाया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एक घंटे और 24 मिनट में आगे बढ़ गया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि उसने सीजन की शुरुआत बहुत मजबूती से की, डलास में खिताब के साथ वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाया, अकापुल्को में अच्छा टेनिस खेला, इसलिए मुझे पता था कि मुझे मैच की शुरुआत वास्तव में मज़बूती से करनी होगी, वास्तव में अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा, अच्छी टेनिस खेलने की कोशिश करो, शुरुआत में अच्छी रैलियां करो ताकि अच्छी गति मिल सके, मैच में आ सकूं। मैंने देखा कि यह वास्तव में एक अच्छा और कठिन मुकाबला होने वाला था, इसलिए जिस तरह से मैंने मैच की शुरुआत की, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी का अगला मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा।

# ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 150वीं टेस्ट वर्षगांठ मनाने एमसीजी में ऐतिहासिक डे-नाइट मैच खेलेंगे

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे-नाइट टेस्ट खेलेंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। बयान में कहा गया, 11-15 मार्च, 2027 को 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एमसीजी में रोशनी में टेस्ट खेलेंगे, जहां 1877 में पहला टेस्ट मैच और 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला गया था - उल्लेखनीय रूप से, दोनों ही मैच ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीते थे। एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा, जो इस साल की शुरुआत में एमसीजी में ऐतिहासिक पहले डे-नाइट टेस्ट के बाद होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने एशेज में क्लीन स्वीप किया था।

सीए ने इस बात पर जोर दिया कि टेस्ट को दिन-रात के मैच के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिक लोग 150वीं वर्षगांठ टेस्ट देखने के लिए आ सकें, क्योंकि यह स्कूल की छुट्टियों के समय के बाहर खेला जाएगा। ÷एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट क्रिकेट के महान आयोजनों में से एक होगा और रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने एक बयान में कहा, इससे यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि अधिक लोग इसमें भाग ले सकें और इस शानदार अवसर को देख सकें। शताब्दी टेस्ट ने कई प्रतिष्ठित प्रदर्शन देखे, जिसमें डेविड हुक्स द्वारा टोनी ग्रेग की गेंद पर लगातार पांच चौके, रिक मैककोस्कर द्वारा टूटे जबड़े के साथ बल्लेबाजी और डेरेक रैंडल द्वारा चुनौतीपूर्ण शतक शामिल हैं, और मुझे यकीन है कि 150वां टेस्ट अपनी आजीवन यादें बनाएगा। उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद इस टकराव के लिए भूख बढ़ाएगी, और हम इस ऐतिहासिक अवसर को और भी नजदीक आने पर मनाने के लिए उत्सुक हैं। हम इस महत्वपूर्ण टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए उनके अविश्वसनीय समर्थन के लिए विक्टोरियन सरकार और मेलबर्न क्रिकेट क्लब के आभारी हैं। 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट उस वर्ष भारत में ऑस्ट्रेलिया की पांच-टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के बाद खेला जाएगा। एमसीजी में एक ऐतिहासिक टेस्ट के बाद, वे एशेज और संभावित रूप से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए इंग्लैंड जाएंगे। वर्ष का समापन दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप के साथ होगा। पीटर रोच, सीए क्रिकेट संचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख, ने कहा, अब जटिल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ, इस तरह के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण योजना और समर्थन की आवश्यकता होती है और हम इस महत्वपूर्ण टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए मेलबर्न क्रिकेट क्लब और विक्टोरियन सरकार सहित सभी के प्रति उनके उत्साह के लिए आभारी हैं। 150वीं वर्षगांठ टेस्ट एक शानदार आयोजन होगा और 1977 शताब्दी टेस्ट की तरह, यह भी उन लोगों की यादों में लंबे समय तक रहेगा, जो इसमें भाग लेंगे।

# ठगी : 8 ग्रामीण महिलाओं के 10 लाख रूपए के सोने के गहने लेकर महिला रफूचक्कर

### पहले बर्तन-चांदी के गहने साफ कर जीता विश्वास, फिर सोने के गहने साफ करने दिए तो महिला फरार



**शिवपुरी ब्यूरो।** नरवर थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव में एक महिला ठग ने 8 ग्रामीण महिलाओं को अपना शिकार बनाया। आरोपी महिला ने पहले बर्तन और चांदी के गहने साफ करके ग्रामीणों का विश्वास जीता। पीड़ित महिलाओं के अनुसार आरोपी पहले भी गांव में आई थी। उसने टूटे बर्तनों के बदले नए बर्तन दिए। चांदी के गहने साफ करके लौटाए और कुछ महिलाओं को पुरानी चांदी के बदले नए गहने भी दिए। 8 मार्च को आरोपी महिला ने सोने के गहने साफ करने का प्रस्ताव रखा। महिलाओं ने कान के बाले, मंगलसूत्र और पायल समेत करीब 10 लाख रुपए के गहने सौंप दिए। इसके बाद आरोपी महिला गहने लेकर फरार हो गई। पीड़ितों ने दो दिन तक महिला का इंतजार किया, और आज थाना नरवर में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ितों के अनुसार आरोपी महिला करीब 35 साल की है। वह सांवले रंग की है और उसका कद करीब 5 फीट है। ठगी का शिकार होने वाली महिलाओं में रामबेटी, सिध्धोबाई, ब्रम्हाबाई, बैजब्ती, कोमेश, लाली, कपूरी और रामरती शामिल हैं। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से आरोपी को जल्द पकडने और गहने वापस दिलाने की मांग की है।

# प्रदेश के 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

### स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

**4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा**

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

# शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे लोगों के लिए हो रहे मददगार साबित, ऑटो छूटा बैग मिला



**शिवपुरी ब्यूरो।** आज दिनांक को दुष्यंत परिहार निवासी ग्राम खतौरा ने कंट्रोल रूम जाकर सूचना दी की मैं ग्राम खतौरा जाने के लिए सुबह 11:20 बजे बस स्टैंड ऑटो से आया था मैं बस में बैठ गया परंतु मेरा बैग ऑटो में ही रह गया जिसमें मेरे महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं समान था बाद में मेरे काफी ढूंढने के बाद भी उक्त ऑटो कहीं दिखाई नहीं दिया। उक्त जानकारी के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी कंट्रोल रूम शिवपुरी उप निरीक्षक विजेंद्र राजपूत एवं आरक्षक उपेंद्र रावत द्वारा बस स्टैंड के सीसीटीवी फुटेज देखे गए जिसमें आवेदक ऑटो से उतरता हुआ दिखाई दे रहा था बाद अन्य कैमरों की मदद से ऑटो का नंबर पता कर ऑटो चालक से संपर्क किया तो ऑटो चालक में ऑटो में बैग होना बताया तब ऑटो चालक को कंट्रोल रूम बुलाकर आवेदक का बाग वापस करवाया।

# करैरा पुलिस ने नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को 24 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार 10 मार्च को पीड़िता की माँ ने नाबालिग लड़की उम्र 16 साल के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध मे रिपोर्ट की थी। पीड़िता की शिकायत पर से अपराध धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि 16 साल की नाबालिग घर से मौसी के यहां चली गई थी. जिसे बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया हैं। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. विनोद छावई, उनि अंजली सिंह, आर. सतेन्द्र, मआर देवकी पाल की।

# बोर्ड परीक्षा : भौंती के दो व पिछोर के एक केन्द्र सहित तीन पर अब स्थाई पैनल नियुक्त

### परीक्षा में मॉनीटरिंग को और सशक्त बनाने जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश





**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं में प्रशासनिक व विभागीय उडनदस्ते लगातार प्रभावी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। नतीजे में बीते वर्षो की तुलना में इस बार नकल पर पूरी तरह नकेल कसी हुई है। अब तक हुए प्रश्नपत्रों के दौरान परीक्षा व्यवस्थित व शांतिपूर्ण संचालित हुई है और जिलेभर में सिर्फ दो नकल प्रकरण दर्ज हुए हैं। जिला शिक्षा विभाग परीक्षाओं में मॉनीटरिंग को लेकर सजग है और कोई कोर कसर नहीं छोड रहा । यही कारण है कि जिन केन्द्रों पर थोड़ी बहुत भी मॉनीटरिंग को लेकर गुंजाइश नजर आ रही है वहां इसे और सशक्त किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने मंगलवार को जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर दो सदस्यीय स्थाई पैनल नियुक्त कर दिए हैं जो आगामी प्रश्नपत्रों के दौरान परीक्षा प्रारंभ के समय 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे और निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जारी आदेश के मुताबिक पिछोर के मावि भौंती में उच्च माध्यमिक शिक्षक विपिन पचौरी व सुनील उपाध्याय, उमावि भौंती में जगदीश धाकड़ व दिनकर नीखरा जबकि हाईस्कूल हरिजन बस्ती पिछोर केन्द्र पर माध्यमिक शिक्षक बृजमोहन सिंह चाहर व खेल शिक्षक इन्द्रजीत पाल को स्थाई पैनल में नियुक्त किया गया है।

**160 ने दी इनफॉर्मेटिक प्रेक्टिसेस की परीक्षा**

इधर मंगलवार को हायर सेकेण्डरी के इनफॉर्मेटिक प्रेक्टिसेस विषय का प्रश्नपत्र शिवपुरी, करैरा व कोलारस में आयोजित हुआ। इस प्रश्नपत्र में अपेक्षाकृत सीमित परीक्षार्थी नामांकित थे। जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ ने बताया कि जिलेभर में नामांकित 163 में से 160 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 3 अनुपस्थित रहे। शिवपुरी में 160 में से 157 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि करैरा में नामांकित 1 व कोलारस में नामांकित 2 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे की टीम ने शहर के शिवपुरी पब्लिक स्कूल, कन्या उमावि पुरानी शिवपुरी, उत्कृष्ट उमावि क्र. 1, उमावि क्र. 2 व उमावि सदर बाजार केन्द्र का निरीक्षण किया।

**इनका कहना है**

जिले में संचालित बोर्ड परीक्षाओं में मॉनीटरिंग को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से भौंती के दो व पिछोर के एक केन्द्र पर हमने स्थाई पैनल नियुक्त किए गए हैं जो पूरे समय वहां तैनात रहेंगे। वहीं विभागीय व प्रशासनिक उडनदस्ते पूर्व की तरह चक्रीय क्रम में आकस्मिक निरीक्षण करते रहेंगे।

**समर सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी**

# शिवपुरी विकास मंच ने स्व. माधवराव की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

### अध्यक्ष तेजमल सांखला ने स्व. सिंधिया के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश



**शिवपुरी ब्यूरो।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री कै. माधवराव सिंधिया की जयंती पर शिवपुरी विकास मंच ने छत्री प्रांगण जाकर स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विकास मंच के सदस्यों ने लोकहित में स्व. सिंधिया द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद किया। शिवपुरी विकास मंच के अध्यक्ष तेजमल सांखला ने स्व. सिंधिया के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके कारण ही गुना-इटावा रेल लाईन की स्वीकृति और निर्माण संभव हुआ है।

उनका यह विकास कार्य एक हजार विकास कार्यों के बराबर है। इस अवसर पर छत्री ट्रस्ट के अशोक मोहेते का सम्मान भी किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवपुरी विकास मंच के सदस्यगण अध्यक्ष तेजमल सांखला के नेतृत्व छत्री प्रांगण पहुंचे यहां उनके अलावा शिवपुरी विकास मंच के तरूण अग्रवाल अनिल गोयल, विष्णु सोनी, हरिओम जैन, सौरभ सांखला, विमल जैन मामा, राजकुमार शर्मा, राजीव के अलावा राकेश जैन आमोल, पवन जैन, कपिल भार्गव, केपी परमार, मुकेश सिंह चौहान, राजेन्द्र शर्मा आदि ने स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। समाजसेवी आमोल ने स्व. सिंधिया को विकास का मसीहा बताया। भाजपा नेता राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि सिंधिया परिवार क्षेत्रीय विकास के लिए राजनीति में सक्रिय है। उनके कारण ही ग्वालियर चम्बल संभाग विकास की मुख्य धारा से जुड़ा है। यह अच्छी बात है कि उनके अधूरे कार्यों को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पूर्ण करने में अग्रसर है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने शहर के चार प्रतिष्ठानों पर लिए सैंपल, मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचे जाने की दी हिदायत



**शिवपुरी ब्यूरो।** होली का त्यौहार आने वाला है। त्यौहार के समय घरों में मिठाई, मावा,दूध आदि का उपयोग अधिक होता है। ऐसे में मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचे जाएं, इसलिए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थ की जांच के निर्देश दिए हैं। जिसमें मिठाई, दुग्ध उत्पाद, मावा आदि पर विशेष तौर से चेकिंग की जाए। निर्देशानुसार शिवपुरी शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष मिश्रा और नापतोल निरीक्षक आरके चतुर्वेदी ने संयुक्त दल के साथ चार खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की। जिसमें पोहरी बस स्टैंड स्थित माही स्वीट्स एंड बेकर्स मिल्क केक, मलाई बर्फी के सैंपल लिए हैं। प्रीति दूध डेयरी एवं स्वीट्स फतेहपुर चौराहा, गुप्ता मिष्ठान भंडार फिजिकल रोड, गोयल स्वीट्स एंड दूध डेरी अस्पताल चौराहा पर भी टीम पहुंची। और मावा बर्फी, लड्डू, मावा आदि के सैंपल लिए हैं।

# अपने मासूम बच्चे के मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर दर-दर भटक रही है माँ

### ढाई साल के बाद भी नहीं मिला प्रमाण पत्र, बेटे की सौतेले पिता ने की थी हत्या



**शिवपुरी ब्यूरो।** मनियर क्षेत्र निवासी रानी आदिवासी अपने बेटे के मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए पिछले डेढ़ साल से संघर्ष कर रहीं हैं। उनके ढाई वर्षीय बेटे जस्सी की मौत 5 अक्टूबर 2022 को हुई थी। रानी मूल रूप से भोपाल के नारियल खेड़ा की रहने वाली हैं। उनके पहले पति मंजीत पंजाबी के छोड़ देने के बाद वो शिवपुरी आ गईं। यहां कचरा बीनने का काम करते हुए लखन कुचवंदिया के संपर्क में आईं। लखन शराब के नशे में रानी और उनके बेटे के साथ मारपीट करता था। 4 अक्टूबर 2022 की रात उसने जस्सी को बेरहमी से पीटकर दीवान के बक्से में बंद कर दिया। इस कारण बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने लखन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जहां उसे सजा भी हो गई। रानी ने नगर पालिका शिवपुरी में मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है। प्रमाणपत्र न मिलने से वो आगे की कानूनी कार्रवाई नहीं कर पा रही हैं। इस दस्तावेज के अभाव में उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# शांति और सद्भाव के साथ मनाएं त्यौहार : कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी

### सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक में हुई चर्चा



**शिवपुरी ब्यूरो।** इस माह कई त्यौहार हैं। होलिका दहन 13 मार्च, होली 14 मार्च को, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ 30 मार्च एवं 31 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार है। यह त्यौहार शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाने की दृष्टि से सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया और त्योहारों के समय व्यवस्थाओं को लेकर सभी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। होलिका दहन में यह ध्यान रखें की लाइट वाली जगह और विद्युत तारों के नीचे होलिका दहन ना किया जाए जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो। जो पारंपरिक चिन्हित स्थल हैं वहीं होलिका दहन हो। अभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का समय है। ऐसे में बच्चों को डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के कारण पढ़ाई में बाधा ना हो। किसी भी प्रकार के आयोजन में रात को 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे, बैंड, लाउडस्पीकर आदि का उपयोग न किया जाए। बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने एसडीओपी और तहसीलदार को भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। टीम द्वारा चेकिंग की जाए और जहां कहीं इस समय अवधि में डीजे बैंड आदि चलते हुए पाए जाते हैं उस पर कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देश दिए हैं की आकस्मिक चिकित्सकीय दल की ड्यूटी लगाई जाए जिसमें एक नेत्र चिकित्सक की भी ड्यूटी अनिवार्य रहे। इसके अलावा नगर पालिका भी यह ध्यान रखे कि शहर में पानी की आपूर्ति सुचारू रहे। होली और नवरात्रि के अलावा 31 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार भी है। ऐसे में मस्जिद, ईदगाहों के आसपास आवारा पशु आदि एकत्रित न हो। मस्जिद, ईदगाह और कब्रिस्तान के आसपास साफ सफाई और पानी की व्यवस्था बनी रहे। शहर काजी ने बताया कि न्यू ब्लॉक स्थित मस्जिद, एबी रोड स्थित सुबात मस्जिद और ईदगाह में निर्धारित समय पर नमाज अदा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था भी बनी रहे। सभी सदस्यगण से चर्चा करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी त्यौहार या किसी भी आयोजन को सफल बनाने में समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। यदि आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहे तब कोई भी आयोजन बेहतर ढंग से किया जा सकता है। अभी त्योहारों के समय में यह भी ध्यान रखा जाए कि किसी भी सोशल मीडिया माध्यम पर किसी जाति संप्रदाय और धर्म के बारे में ऐसी पोस्ट ना हो जिससे किसी की धार्मिक, सांप्रदायिक भावनाएं आहत हो।

# चिकित्सा विभाग घर-घर जाकर करेगा टीबी मरीजों की पहचान

**धौलपुर ब्यूरो।** जिले में चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगी खोज अभियान की शुरुआत हो चुकी। जिसमें विभाग की टीमें घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान करेंगी, उनकी जांच कराएंगी और उपचार सुनिश्चित करेंगी। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि 188 ग्राम पंचायतों में से 101 ग्राम पंचायतों और 39 शहरी वार्डों को अभियान के लिए चिह्नित किया गया है। इसमें स्लम क्षेत्र, कच्ची बस्तियां, ईंट भट्टे और निर्माणाधीन स्थल शामिल हैं, जहां जाकर लोगों की टीबी जांच की जाएगी।

अभियान के दौरान शत प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए आशा और एएनएम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। वे डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप के माध्यम से स्क्रीनिंग करेंगी। इसके जरिए मरीजों के लक्षणों की जांच और रिकॉर्डिंग की जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह मीणा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को 2 सप्ताह से ज्यादा खांसी, खांसी में खून आना, छाती में दर्द, सांस फूलना, वजन कम होना, अधिक थकान, शाम को बुखार, भूख न लगना और ठंड लगने जैसी समस्याएं हैं, तो तुरंत जांच करानी चाहिए। यदि किसी को ये लक्षण दिखें तो टीम को जानकारी दें और समय पर उपचार लें। उन्होंने जनता से अपील की है कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घर आएं तो सही जानकारी दें और पूरा सहयोग करें। इससे रोगी की जल्द जांच, इलाज शुरू किया जा सकेगा। अभियान की जिला स्तर पर सीएमएचओ डॉ. मीणा द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। ब्लॉक स्तर पर बीसीएमओ, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, एसटीएस और एसटीएलएस की टीमें अभियान की डेली मॉनिटरिंग कर रही है। जागरुकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक और स्कूल एक्टिविटी = टीबी के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूलों में एक्टिविटी, रैलियां, नुक्कड़ नाटक और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अभियान के अंत में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन की ओर से एक साल के लिए प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उसके बाद वापस ग्राम पंचायत का मूल्यांकन होगा।

# धौलपुर में राज्यपाल ने की समीक्षा बैठक, पढ़ाई-दवाई- किसानों की कमाई पर विशेष जोर

### राज्यपाल ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, विकास कार्यों को गति देने के निर्देश, प्रशासनिक मशीनरी चुस्त-दुरुस्त रहे, योजनाओं का क्रियान्वयन तेज हो, जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में राज्यपाल के निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए ÷पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाई÷ के सिद्धांत पर कार्य करने पर बल दिया। इससे पहले माननीय राज्यपाल के धौलपुर आगमन पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल मंगलवार को धौलपुर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह हो कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंचे। उन्होंने कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, बागवानी एवं वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए इन्हीं उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने जल संरक्षण को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बेघर और घुमंतु समुदाय के लोगों को निशुल्क पट्टा देकर उन्हें आवास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहे। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी परिवारों के लिए शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने और गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद निधि और अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गांवों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाए, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, और कुसुम तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्यपाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जाए और उनके उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिकतम जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसी भी पात्र किसान को लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग को लगातार प्रयास करने होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले ऋणों का सही उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए और समय पर ऋण वितरण की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को समय पर ऋण चुकाने के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि भविष्य में योजना का लाभ अन्य जरूरतमंदों को भी मिल सके। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास के संस्थान हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे टीम भावना के साथ कार्य करें और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि सरकार की पहल का वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी को समन्वित प्रयासों के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि जिले में विकास कार्यों को नई गति मिल सके।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक समित मेहरड़ा, जिला परिषद सीईओ आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में चार अधिकारी अनुपस्थित एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

## 11 मार्च को जनसुनवाई में 136 आवेदन सुने गये



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से 1 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। 11 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान चार अधिकारी अनुपस्थित पाये गये। उन अधिकारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने दिये। जनसुनवाई में कुल 136 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से चार आवेदन ऐसे पाये गये जिनका टीएल बैठक में निराकरण होना संभव था उन आवेदनों को उत्तरा पोर्टल पर निराकरण हेतु अपलोड किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर आर बी नाडिया, श्री शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे सहित समस्त विभागों जिलाधिकारी उपस्थित थे। मंगलवार को कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रबंधक श्री वाईपी सिंह, उपसंचालक कृषि श्री पीसी पटेल, सिंचाई विभाग के श्री पीएस जाटव, सहकारिता विभाग के उपायुक्त श्रीमती अनुभा सूद अनुपस्थित पाई गईं। इनके स्थान पर सहायक मौजूद थे। कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि जनसुनवाई में जिलाधिकारियों की मौजूदगी से ही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। चारों विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में मौजूद नहीं होने के कारण चारों अधिकारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने के आदेश कलेक्टर ने दिए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुये उनमें प्रगति लायें ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती उपासना राय सहित समस्त बीएमओ एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी सुपरवाइजर उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने अपने विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तेजी से करें विशेषकर फरवरी माह की शिकायतें 80 प्रतिशत, वर्तमान माह की शिकायतें 50 प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण हल कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से निरोगी काया अभियान संचालित है। अभियान में 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग टेस्ट किये जाने हैं जिसमें बीपी शुगर कैंसर जैसी बीमारियों का परीक्षण होना है।समस्त ब्लॉक स्तर के अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने कहा कि 70 प्लस और आम लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विशेषकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जीआरएस, आशा कार्यकर्ता एवं सीएचओ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इन मैदानी कर्मचारियों को ताकीद करें कि यह कार्य शत प्रतिशत तक पूर्ण हो जाये। कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी रिपोर्ट के अनुसार पिछले सप्ताह जौरा और सबलगढ़ में सबसे कम बच्चे दाखिल कराये गये हैं। यह स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है। इसके लिये स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास प्राथमिकता के साथ इसे सुनिश्चित करें कि एनआरसी फुल क्षमता के साथ संचालित हो सकें। उन्होंने बताया कि मुरैना एनआरसी में उपलब्ध बैड की संख्या 20 बच्चों की संख्या 15, अंबाह एनआरसी में बेड संख्या 10 उपलब्ध बच्चों की संख्या 10, कैलारस में बेड संख्या 10 बच्चों की संख्या 10, जौरा में बेड संख्या 10 बच्चों की संख्या 4, सबलगढ़ में बेड संख्या 10 बच्चों की संख्या 6, पहाड़गढ़ में बेड संख्या 10 बच्चों की संख्या 8 बताई गई है। यह स्थिति ठीक नहीं है दोनों विभाग एनआरसी केन्द्रों को पूरी क्षमता के साथ संचालित करायें।

# कलेक्टर व जिला सीईओ ने कलेक्ट्रेट में हर्बल गुलाल क्रय किया



**मुरैना,कांस।** होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे होली के त्यौहार शांति व भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में स्व-सहायता बहनों द्वारा हर्बल गुलाल की स्टॉल सजाई है, अधिकारी, कर्मचारी भी गुलाल क्रय करें। कलेक्टर ने स्टॉल पर पहुंचकर हर्बल गुलाल के 06 पैकेट क्रय किये।उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने 07 पैकेट हर्बल गुलाल के क्रय किया, जिसका ट्रांजेक्शन ऑनलाइन किया। इस गुलाल में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं है, त्वचा के लिये भी हानिकारक नहीं है।

# पार्षद मोहन पचौरी ने किया हर घर प्रयागराज महाकुंभ गंगाजल वितरण

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सबलगढ़ नगरपालिका वार्ड 2 के भाजपा पार्षद मोहन पचौरी ने अभिनव पहल करते हुए अपने वार्ड के हर घर में प्रयागराज महाकुंभ गंगा जल का वितरण किया। शिवरात्रि के पर्व पर प्रयागराज से कैम्परो में गंगा जल लाया गया जिसे टैंकर में डालकर वितरण कराया गया। गंगा जल हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है. इसे पवित्र और मोक्षदायी माना जाता है. महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पार्षद श्री पचौरी ने कहा कि परिवार के स्वजन घर पर ही महाकुंभ प्रयागराज के पवित्र गंगा जल से महाकुम्भ का लाभ अर्जित कर सकेंगे।माँ गंगा का आशीर्वाद सम्पूर्ण वार्ड नगर परिवार पर बना रहे इस हेतु हमारे द्वारा हर हर गंगे-हर घर गंगे% पहल की शुरुआत की है। जिसके तहत प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र गंगा जल वॉर्ड के हर घर तक निःशुल्क पहुंचाया गया। स्थानीय रहवासियों में इस पहल से विशेष उत्साह देखने को मिला। इस कार्य के दौरान सोनू शेखपुर, देवेश शर्मा, श्यामू तोमर, बलराम बाथम, भूरा बाथम, सुनना कुशवाह, बटी रावत का विशेष सहयोग रहा।

# एसडीएम श्री माहौर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले को पुलिस को सौंपा

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सबलगढ़ एसडीएम अरविंद माहौर द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को कार्यवाही हेतु पुलिस के सुपुर्द किया गया है।उल्लेखनीय है कि श्री माहौर ने तिन्दोली हल्के में न्यायालय भवन के सामने अवैध अतिक्रमण करने वाले से दस्तावेज चेक किये। इस दौरान सलीम खान पुत्र फूलखान भूमि के सम्बंध में कोई प्रमाणित जानकारी नहीं दे सका तब उन्होंने सलीम से स्थानीय दस्ताबेज जब्त किए, वैध दस्तावेज और निवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहा लेकिन वह तथ्य प्रस्तुत नहीं कर सका।मंगलवार को जनसुनवाई में जब वो अपने दस्तावेज लेने पहुंचा तब अपनी वास्तविक पहचान जन्मस्थान और पूर्व की जानकारी नहीं बता सका।इसे संदिग्ध मानते हुए एसडीएम द्वारा उसे सबलगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया व थाना प्रभारी को उक्त व्यक्ति के विषय में गहन पूछताछ करने के लिए निर्देशित किया।थानाप्रभारी श्रीमती राजकुमारी परमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के विषय में जांच की जा रही है जांच उपरांत जो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# दलित बस्तियों में बिजली की समस्या को लेकर माकपा के नेतृत्व में दिया ज्ञापन



**कैलारस।** सुजरमा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गढीपुरा में दलितों की बस्ती में कई वर्षों से बिजली विभाग ट्रांसफार्मर रखकर चालू करना भूल गया है। आज तक इस ट्रांसफार्मर को लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इस कारण दलित बस्ती में बिजली न होने के कारण लोग गंभीर परेशानी का सामना कर रहे है। इस समस्या से परेशान ग्रामीण जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलायें शामिल थी ने बिजली विभाग कायलिय पर प्रदर्शन कर ट्रांसफार्मर को बिजली लाइन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू करने की माँग को लेकर ज्ञापन प्रबन्धक भागीरथ गोयल को सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता गयाराम सिह धाकड, ने कहा कि भाजपा सरकार में ज्यादातर दलित बस्तियो की यही हालत है। उनके लिये सरकार बिजली, पानी, सडक जैसी बुनियादी सुविधायें भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है । हर तरीके के अत्याचार का सामना आज दलितो को करना पड़ रहा है बिजली के नाम पर बिना लाइन चालू किए ही बिल भेजकर उनके साथ लूट भी सरकार द्वारा कराई जा रही है मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इन सभी समस्याओं के खिलाफ, लगातार संघर्षरत है और हमेशा द?लित अधिकारी की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व माकपा के नगर सचिव व व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसएफआई) के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर धाकड ने किया। प्रदर्शन में गुड्डी जाटव, पुष्पा, नारायणी, अनीता, बसंती, वर्षा, गीता, रामदेई, मुन्नी, बुधिया, मुन्नालाल घाण्डे, पावन धाकड, विजयसिह जाख, फेरन जाख, मुंशी, नरेश, संजय, रामअवतार, मुरेश, हाकिम सहित अन्य ग्रामीण जन शामिल थे। विभाग द्वारा समस्या को जल्द ही समाधान करेने का आश्वासन दिया गया है ।15 दिवस के उपरांत समस्या का हाल नहीं होने पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट का पार्टी ने अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन की चेतावनी भी विभाग को दी है।

# बिजली कम्पनी ने 68 बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** कलेक्टर मुरैना के आदेशानुसार बिजली कम्पनी के बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाने के लिए जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत बिजली कम्पनी सबलगढ़ की प्रबंधक सुश्री पूजा जैन के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता अनित रहांगडाले द्वारा अपनी टीम के साथ मंगलवार को शहर के एमएस रोड, बेनीपुरा, पुराना बाजार, पंजाबीबाग आदि क्षेत्रों में उन 68 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जो लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं कर रहे थे। इस अभियान में अनेक उपभोक्ताओं द्वारा तुरंत बिजली बिल जमा भी किये गए ऐसे उपभोक्ताओं से साढ़े पांच लाख की बकाया वसूली की गई।प्रबंधक सुश्री जेन ने बताया है कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी इसलिए असुविधा से बचने के लिए बिजली बिल जमा करें।

# आगामी त्यौहार को देखते हुए कैलारस थाना प्रभारी ने किया स्टाफ के साथ कस्बा भृमण



**कैलारस।** आगामी त्यौहार को देखते हुए थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह ने किया पुलिस स्टाफ के साथ किया कस्बा भृमण गणमान्य नागरिक एवं व्यापारियों से की मुलाकात कैलारस थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह,उप निरीक्षक संतोष गौतम राम मंत्र गुप्ता, हिमांशु यादव सहीत अन्य स्टाफ ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए कैलारस शहर के पुरानी सब्जी मंडी शास्त्री मार्ग जवाहर मार्ग अंबेडकर मार्ग, पहाड़गढ़ रोड, एमएस रोड, टाकीज गली, चौड़ा खरंजा, बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर में पुलिस स्टाफ के साथ भ्रमण करते हुए व्यापारी एवं आम नागरिकों से की मुलाकात कस्बा भ्रमण के दौरान कहा कि आप सभी लोग आगामी होली सहित अन्य त्योहारों को शांति सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाएं वही त्योहार को देखते हुए पुलिस भी गस्त करेगी वही उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहार को आपको कोई भी संदिग्ध व्यक्ति देखे तो जिसकी सूचना मुझे या थाने पर आ कर दे वहीं आप लोगों को के घरों दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को चालू रखें जिससे कि कोई घटना होती है तो सीसीटीवी के माध्यम से अपराधियों की पहचान हो जाती है इसलिए आप सभी लोग जिनके यहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उनको चालू रखें आप लोग निश्चिंत होकर अपना व्यापार करें एव आगामी होली सहित अन्य त्योहार मनाए वही भ्रमण के दौरान वेवजह घूम रहे लोगो से पूछताछ की घर जाने को कहा वहाँ उन्होंने कहा कि आप लोगों के पास किसी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो तो हमे दे वही त्योहार पर किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करे एव अपने परिवार जनों एव मित्रो के साथ होली सहित अन्य त्योहार मनाए वही भ्रमण के दौरान वीरेश कुशवाह, उपनिरीक्षा राम मंत्र गुप्ता,संतोष गौतम, हिमांसगु यादव सहायक आरक्षक पंचम सिंह,धर्मेंद्र सिंह, पान सिंह,आरक्षक ब्रजराज सिंह, देवेंद्र, विष्णु शर्मा, विष्णु जाट, विकाश,अरमान,अवदेश गुर्जर, रवि यादव, राकेश, मुकेश, साकिर खान, सहित अन्य स्ट्सप रहा।

# होलिका दहन बिजली लाइनों के नीचे व बिजली-खंभे के नजदीक न करें

**मुरैना,कांस।** बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन करने से सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रंगोत्सव की खुशियों में बाधा न पड़े इस बात को ध्यान में रखकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सुरक्षित होलिका दहन करने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं से अपील की है कि होली के कार्यक्रमों का आयोजन और होलिका दहन बिजली लाइनों से पर्याप्त दूरी पर ही करें। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। इनके टूटने या गिरने से कोई भी बड़ी अप्रत्याशित घटना घट सकती है। कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिक बंधुओं से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें और प्रसन्नता से त्यौहार मनायें।

# ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिकरौदा रेल्वे लाइन के पास एक अज्ञात युवक की रेल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिकरौदा रेल्वे लाइन के पास 28 से 35 वर्ष की उम्र का एक अज्ञात युवक रेल से गिर कर मौत हो गई थी, थाना पुलिस ने फरियादी गोविन्द राम मीना पुत्र राधेश्याम रेल्वे मेन मुरैना की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# आशा उषा पर्यवेक्षकों ने अपनी मांगी का ज्ञापन एस डी एम मुरेना को सोपा





**मुरैना,कांस।** आशा एवं उषा आशा पर्वेक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में एसडीएम वीरेंद्र कटारे को मुख्यमंत्री एवं मिशन संचालक के नाम ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मुख्य मांग है पूर्व मुख्यमंत्री *शिवराज* सिंह चौहान जी के द्वारा 29/7/2023 में विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों के सामने हजारों आशा उषा एवं आशा पर्यवेक्षको को महापंचायत में बुलाकर घोषणा की गई कि प्रत्येक वर्ष 1000 की वार्षिक वेतन वृद्धि की जाएगी जो अभी तक लागू नहीं की गई है साथ ही आंगनबाड़ी बहनोंकी भी महापंचायत बुलाकर 1000 वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी परंतु उनको 2024 से वेतन वृद्धि का भुगतान किया जा रहा लेकिन वार्षिक वेतन वृद्धि के मामले में दोनों का सामान भुगतान होने के बाद भी सरकार एवं विभाग द्वारा भेदभाव पूर्ण तरीके से आशा उषा की वार्षिक वेतन वृद्धि को रोका जा रहा है आशा एवं उषा सहयोगी संयुक्त मोर्चा के द्वारा बार-बार ज्ञापन देकर अवगत कराए जाने के बावजूद भी आशा एवं उषा के प्रति सरकार एवं विभाग द्वारा अपेक्षा जारी है जिससे प्रदेश भर की आशा एवं उषा पर्वेक्षकों में भारी असंतोष एवं आक्रोश प्राप्त है अतः आशा एवं उषा संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश द्वारा सरकार के इस रवैया के खिलाफ विधानसभा सत्र के प्रथम चरण 2025 को प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर पुनः मांग करती है आशा एवं उषाओ को कार्तिक वेतन वृद्धि दिलाए जाने हेतु ठोस कदम उठाए जाएंज्ञापन देने वालों में शशि प्रजापति आशा धाकड़ संतोष सिकरवार वीना शिवहरे रीना शाक्य मनीषा कुशवाहा राजकुमारी नीलम ममता लक्ष्मी विमला माया ममता शाक्य अनीता धाकड़ उषा सिकरवार आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# अग्रवाल महासभा का होली मिलन समारोह 14 को

**मुरैना,कांस।** प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी भाई चारे का प्रतीक होली पर्व का उत्सव अग्रवाल महासभा के तत्वाधान में बडे उत्साह के साथ मनाया जायेगा। होली मिलन समारोह के संयोजक विक्की बसंल ने बताया कि इस वर्ष यह पूर्व पूरे भारत में 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम अग्रसेन पार्क जीवाजीगंज में सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक धूमधाम से मनाया जायेगा।

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 हेतु युवा 16 मार्च तक माय भारत पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं आवदेन

**मुरेना,कांस।** मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 हेतु 16 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं जिसका आयोजन इस बार नोडल ज़िले ग्वालियर द्वारा किया जाएगा जिसके अंतर्गत 4 ज़िले ग्वालियर, भिंड, मुरैना और दतिया को रखा गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थाओं के 18 से 25 आयु वर्ग के युवा एवं गैर छात्र/छात्राएं आदि युवा प्रतिभागिता कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवाओं को विषय- *विकसित भारत पर युवाओं के विचार* के वक्तव्य की 1 मिनट की विडियो को रिकॉर्ड कर मेरा युवा भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा जिसे स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जाँच उपरांत प्रतिभागी को नोडल जिले द्वारा आयोजित प्रतियोगता में प्रतिभागिता करने का अवसर दिया जाएगा। चार ज़िलों से कुल 150 युवाओं को नोडल जिले पर आयोजित प्रतियोगता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा जिसका विषय-एक राष्ट्र, एक मतदान विषय होगा जिस पर युवाओं को 3 मिनट का वक्तव्य रखने का समय दिया जाएगा तथा नोडल जिले स्तर की प्रतियोगिता से 10 विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विधान सभा में आमंत्रित किया जाएगा।तत्पश्चात 3 राज्य स्तरीय विजेताओं को राष्ट्रीय स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम हेतु संसद भवन नई दिल्ली में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस प्रतियोगिता में पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2025 निर्धारित की गई है व अधिक जानकारी मेरा युवा भारत पोर्टल www .mybharat. gov.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं ।

# पशुओं की चिकित्सा के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां भी आवश्यकः पशुपालन मंत्री श्री पटेल




**भोपाल।** पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने कहा है कि पशुओं की बीमारियों के समुचित इलाज के लिए वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग भी आवश्यक है। वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण मनुष्यों एवं पशुओं में जीवाणु रोधी दवाइयां के प्रति प्रतिरोधकता का बढ़ना महामारी का रूप ले रहा है, जो एक भयानक वैश्विक खतरा बनता जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एवं एंटीबॉयोटिक के दुरुपयोग से इसका दुष्प्रभाव मनुष्य एवं पशुओं में देखा जा रहा है, जिसके कारण एएमआर (एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस) की वैश्विक समस्या उत्पन्न हो गई है। अल्टरनेट वेटरिनरी प्रैक्टिस जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा इत्यादि का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे कम खर्च पर आसानी से पशुओं की बिना किसी दुष्प्रभाव के चिकित्सा की जा सकती है। पशु पालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने मंगलवार को होटल पलाश रेसीडेंसी में ÷पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति÷ पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश श्री महेंद्र सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के श्री अभय महाजन, अध्यक्ष, वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया डॉ. उमेशचंद शर्मा, संचालक, पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी एस पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के 13 विषय विशेषज्ञ और लगभग 100 से अधिक विभागीय अधिकारी शामिल हुए। पशु पालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत में आदिकाल से पारंपरिक एवं वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता था, जिसे पुनः पशुओं की चिकित्सा में बढ़ावा देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दो दिवसीय इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के विचार मंथन से पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुझाव आयेंगे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2025/76 — **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** — मुरैना, दिनांकः- 11.03.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 557, नया वार्ड 45 एमआईजी-1062, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना | श्रीमती निमा तोमर पत्नी हाकिम सिंह तोमर निवासी- केशव कॉलोनी मुरैना | गजेन्द्र सिंह सिकरवार पुत्र उदय सिंह सिकरवार | विक्रय पत्र, हाउसिंग बोर्ड नामांतरण |
| 2 | 141/37, नया वार्ड 13 टी.टी. नगर मुरैना | श्रीमती रीना पाठक पत्नी महेन्द्र पाठक निवासी- ग्राम जारह मुरैना | श्रीमती सीता शर्मा पत्नी लक्ष्मीनारायण शर्मा | विक्रय पत्र |
| 3 | 338/37, नया वार्ड 12 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना | श्रीमती पूनम तोमर पत्नी प्रमोद कुमार सिंह तोमर निवासी- 862, 863 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना | श्रीमती स्व. बीरेश्वरी पत्नी जोगेन्द्र पाल राघव | मृत्यु प्रमाण पत्र, पुराना विक्रय पत्र हाउसिग बोर्ड नामांतरण, वसीयतनामा |
| 4 | 967/45 ए.बी. रोड मुरैना | अजय दुबे पुत्र राजकुमार दुबे निवासी- गांधी कॉलोनी मुरैना | श्रीमती अंजलि सेंगर पत्नी आई.व्ही.एस. सेंगर, अदिति सिंह सेंगर पुत्री आई.व्ही.एस. सेंगर, वेदान्त सिंह सेंगर पुत्र इन्द्रविक्रम सिंह सेंगर | विक्रय पत्र क्षेत्रफल- 2500 वर्गफीट |
| 5 | 967/45 ए.बी. रोड मुरैना | श्रीमती प्रभा दुबे पत्नी राजकुमार दुबे निवासी- नियर तूलिका स्कूल गांधी कॉलोनी मुरैना | श्रीमती अंजलि सेंगर पत्नी आई.व्ही.एस. सेंगर, अदिति सिंह सेंगर पुत्री आई.व्ही.एस. सेंगर, वेदान्त सिंह सेंगर पुत्र इन्द्रविक्रम सिंह सेंगर | विक्रय पत्र क्षेत्रफल- 2500 वर्गफीट |
| 6 | 967/45 ए.बी. रोड मुरैना | श्रीमती नेहा दुबे पुत्री अजय दुबे निवासी- गांधी कॉलोनी मुरैना | श्रीमती अंजलि सेंगर पत्नी आई.व्ही.एस. सेंगर, अदिति सिंह सेंगर पुत्री आई.व्ही.एस. सेंगर, वेदान्त सिंह सेंगर पुत्र इन्द्रविक्रम सिंह सेंगर | विक्रय पत्र क्षेत्रफल- 2500 वर्गफीट |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# प्रदेश की 4 ऐतिहासिक धरोहरों का यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल होना हर्ष और गौरव का विषय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को मिली वैश्विक पहचान
## प्रदेश की 18 यूनेस्को विश्व धरोहर में 15 टेंटेटिव और 3 स्थाई सूची में शामिल



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि यूनेस्को ने प्रदेश की चार ऐतिहासिक धरोहरों को सीरियल नॉमिनेशन के तहत टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया है। सम्राट अशोक के शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर और बुंदेला शासकों के महल और किलों को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में घोषित होना प्रमाणित करता है कि मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश में विशेष स्थान रखता है। गत वर्ष भी यूनेस्को ने प्रदेश की 6 धरोहरों, ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खुनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित रामनगर के गोंड स्मारक और धमनार का ऐतिहासिक समूह को टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया था। मध्यप्रदेश में अब यूनेस्को द्वारा घोषित 18 धरोहरों है। जिसमें से 3 स्थाई और 15 टेंटेटिव सूची में है। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है। वहीं यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में मांडू में स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी भी शामिल है। यह उपलब्धि हमारी धरोहरों के संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये एमपी टूरिज्म बोर्ड, संस्कृति विभाग, पुरातत्वविदों, इतिहास प्रेमियो, संस्थाओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है जिन्होंने ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने में अमूल्य योगदान दिया हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मध्यप्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर नई ऊंचाइयाँ देगी, साथ ही हमारे गौरवशाली अतीत को नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि हम सब मिलकर अपनी धरोहरों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध रहें और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

### मौर्य कालीन अशोक के शिलालेख

मौर्य कालीन अशोक के शिलालेख स्थल भारत के प्राचीनतम लिखित अभिलेख हैं। इन शिला और स्तंभ लेखों में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म, शासन और नैतिकता से संबंधित संदेश अंकित हैं, जो 2,200 से अधिक वर्षों से संरक्षित हैं। मध्य प्रदेश में पर्यटक साँची स्तंभ अभिलेख, जबलपुर में रूपनाथ लघु शिलालेख, दतिया में गुज्जरा लघु शिलालेख और सीहोर में पानगुरारिया लघु शिलालेख को शामिल किया गया हैं।

### सांची मे अशोक के शिलालेखचौंसठ योगिनी मंदिर

प्रदेश में 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच निर्मित चौंसठ योगिनी मंदिर तांत्रिक परंपराओं का प्रतीक हैं। इन मंदिरों की गोलाकार, खुले आकाश के नीचे बनी संरचनाएँ, जटिल शिल्पकला और आध्यात्मिक महत्व अद्वितीय हैं। इसमें खजुराहो, मितावली (मुरैना), जबलपुर, बदोह (जबलपुर), हिंगलाजगढ़ (मंदसौर), शहडोल और नरेसर (मुरैना) के चौसठ योगिनी मंदिर को शामिल किया गया है।

### मितावली, मुरैना

### उत्तर भारत के गुप्तकालीन मंदिर

प्रदेश में सांची, उदयगिरि (विदिशा), नचना (पन्ना), तिगवा (कटनी), भूमरा (सतना), सकोर (दमोह), देवरी (सागर) और पवाया (ग्वालियर) में स्थित गुप्तकालीन मंदिर को यूनेस्को द्वारा शामिल किया गया है। गुप्तकालीन मंदिर भारतीय मंदिर वास्तुकला में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाते हैं। मंदिर उत्कृष्ट नक्काशी, शिखर शैली और कलात्मक सौंदर्य को प्रदर्शित करते हैं।

### सांची, गुप्त कालीन मंदिर

### बुंदेला काल के किला-महल

बुंदेला काल के गढ़कुंडार किला, राजा महल, जहाँगीर महल, दतिया महल और धुबेला महल, राजपूत और मुगल स्थापत्य कला के बेहतरीन संगम को दर्शाते हैं। ये महल बुंदेला शिल्पकला, सैन्य कुशलता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की अद्भुत मिसाल हैं।

# मैं अंत तक बीएसपी में ही रहकर जनसेवा करूँगा : रमेश गर्ग

## भाजपा में जाने की खबर को बताया भ्रामक



**मुरैना,कांस।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्यासी रमेश गर्ग ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि मेरी राजनीति बहुजन समाज पार्टी से शुरू हुई है और अंत भी बीएसपी में ही होगा। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की खबर को उन्होने भ्रामक एवं वेबुनियाद बताया। उन्होने कहा कि मेरा राजनीति धंधा नही है, कुछ लोग राजनीति को धंधा बनाकर बीएसपी से चुनाव जीत कर पार्टी बदल कर चले जाते है। उन्होने कहा कि 90 प्रतिशत नेताओं ने राजनीति को धंधा बना लिया है। श्री गर्ग ने कहा कि मुरैना व ग्वालियर के विकास में काफी अंतर है, मुरैना से दस साल सांसद रहे एवं केन्द्र में मंत्री रहे श्री तोमर सहाब को मुरैना के विकास के लिए कुछ संस्थान खुलवा कर यहॉं का विकास कर सकते थे। इस समय भले ही बसपा का वजूद नही है लेकिन फिर भी मैं जीवन के अंत तक बसपा में रहकर क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करता रहूँगा। श्री गर्ग ने कहा कि गरीब एवं कमजोर वर्ग के लिए उन्होने निःशुल्क सिंगलबस्ती में शिक्षा प्रसार एवं परामर्श केन्द्र खोला है। ताकि गरीब लोगों की हर प्रकार से मदद की जा सकें। उत्तमपुरा में मौहल्ला क्लीनिक खुलवाकर लोगो को निःशुल्क दवाईया एवं उपचार मिल रहा है। सिंघलबस्ती, गंज रामपुर में पढाई का स्तर सुधारने के लिए हम प्रयास कर रहे है। उन्होने कहा कि नेता बीएसपी के टिकिट पर चुनाव तो जीत जाते है लेकिन बाद में पार्टी छोडकर चले जाने से बसपा का वोट बैंक डायवर्ट हो गया है, फिर भी लोकसभा क्षेत्र में बसपा के 4 लाख बोट है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल और स्मार्ट पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया।



# मुख्यमंत्री डॉ यादव अल्प प्रवास पर पहुंचे रीवा

## हवाई अड्डे पर हुआ स्वागत

**रीवा,कास.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वायुयान द्वारा भोपाल से दोपहर बाद रीवा हवाई अड्डा पहुंचे जहाँ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी के साथ कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा एवं प्रभारी मध्यप्रदेश महेन्द्र सिंह भी रीवा पहुंचे। रीवा से मुख्यमंत्री जी हेलीकाप्टर द्वारा सतना के लिए रवाना हुए। रीवा हवाई अड्डे में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने की सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा



**ग्वालियर,नसं.।** सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों की प्रतिदिन समीक्षा करें और उनका निराकरण समय-सीमा में संतुष्टि के साथ करें। किसी भी विभाग में सीएम हैल्पलाइन की शिकायत को नॉन अटेंड पाया गया तो एल-1 अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को जिन विभागों की सीएम हैल्पलाइन अधिक संख्या में लंबित हैं, उनकी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा बैठक में एडीएम श्री टी एन सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अधिकारियों से कहा है कि सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर विभागीय अधिकारी ऑफिस पहुँचकर सबसे पहले सीएम हैल्पलाइन को चैक करे और जो भी प्रकरण हैं उनका समय-सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि आवश्यकता हो तो शिकायतकर्ता से दूरभाष पर भी चर्चा करें। जिन शिकायतों का निराकरण तत्परता से संभव नहीं हो, उनमें कारण सहित वेबसाइट पर अंकित किया जाए। किसी भी स्थिति में शिकायत के संबंध में कोई भी कार्रवाई न करना नहीं पाया जाना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विभागवार सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# भविष्य में सुरखी विधानसभा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे : खाद्य मंत्री श्री राजपूत



**भोपाल,ब्यूरो।** सागर जिले की सुरखी विधानसभा में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट महाकुंभ के तहत मंगलवार को राहतगढ़ मंडल के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ और झिला आर.डी.एक्स. क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया।

इस मैच में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री राजपूत ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी वितरित किए गए।। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर कलेक्टर संदीप जी.आर. और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए परिचय लिया। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह क्रिकेट महाकुंभ आयोजित किया गया है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभार्थियों के चयन के लिए बैठक आयोजित

## विभिन्न परियोजनाओं में प्राप्त 36 आवेदनों में से 28 स्वीकृत, जिले में मत्स्य उत्पादन की असीम संभावनाएं



**अलीगढ,कासं.।** जिला अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभार्थियों के चयन के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मत्स्य विभाग के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। डीएम संजीव रंजन ने कहा कि सरकार मत्स्य पालन को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानती है और इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और पात्रता मानदंडों के आधार पर लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सुनिश्चित किया गया। चयन समिति ने यह निर्णय लिया कि लाभार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पात्रता मानकों के अनुसार किया जाएगा। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 प्रियंका आर्या ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की 23 परियोजनाओं के लिए 36 आवेदन प्राप्त हुए जिनके सापेक्ष सत्यापन के उपरांत 27 आवेदन उपयुक्त पाए गए। अनुपयुक्त 09 आवेदनों पत्रों की समीक्षा के उपरांत समिति द्वारा 01 आवेदन पत्र को स्वीकार किए जाने पर सहमति प्रदान की गई। समिति द्वारा निजी भूमि पर नए तालाब निर्माण के लिए 06, मीठे जल में बायोफ्लॉक तालाब निर्माण के लिए 14, जिंदा मछली विक्रय केंद्र के लिए 05, कियोस्क निर्माण के लिए 01, एवं इंसुलेटेड व्हीकल्स के लिए 02 आवेदनों समेत 28 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। समिति द्वारा विगत वर्ष के चयनित लाभार्थी की मृत्यु होने के उपरांत उसके पुत्र के द्वारा परियोजना पूर्ण कराने पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में मत्स्य उत्पादन की समीक्षा के दौरान अब तक हुए कार्यों पर असंतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मत्स्य संपदा क्षेत्र में जिले में असीम संभावनाएं हैं, यदि पूर्ण मनोयोग से कार्य किया जाए तो योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लाभार्थियों को प्राप्त होगा, वही मत्स्य उत्पादन में आशातीत उपलब्धि देखने को मिलेगी। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र कुमार चौधरी समेत समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आर्थिक विकास को धर्म और आध्यात्म के संस्कार ही सार्थक बनाएंगे : उप मुख्यमंत्री

## हमारे मन में जैसे विचार होंगे वैसे ही मष्तिष्क को ऊर्जा मिलेगी : बीके सूरज भाई



**रीवा,कास.।** कमिश्नर कार्यालय में संकल्प शक्ति एवं तनाव मुक्त प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विचारक एवं प्रेरक वक्ता बीके सूरज भाई ने वर्चुअल माध्यम से संभाग के सभी अधिकारियों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लोगों को मानसिक रूप से सुदृढ़ करने तथा नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। रीवा संभाग के सभी अधिकारियों को आज प्रेरक मार्गदर्शन देकर आपने बहुत अच्छा कार्य किया है। आपके मुख्यालय माउंट आबू में ध्यान केन्द्र में चेतना की अनूठी अनुभूति होती है। देश तेजी से विकास करके आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। आर्थिक विकास को धर्म और आध्यात्म के संस्कार ही सार्थक बनाएंगे। आमजनता को धर्म, आध्यात्म और मानवीय संवेदना से जोड़कर ब्राम्हकुमारी विश्वविद्यालय बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए बीके सूरज भाई ने कहा कि हमारे अंदर मन और बुद्धि दो महत्वपूर्ण शक्तियाँ हैं। अंतर्मन की शक्ति को जागृत करके हम शत्रु को मित्र बना सकते हैं और जीवन की कठिनाईयों को हल कर सकते हैं। मनोबल सशक्त होने पर हमारा परिवार भी सुखी होगा। मन और बुद्धि पर नियंत्रण के साथ ही हमारा चित्त शांत हो जाएगा। शांत चित्त से हम सही निर्णय करेंगे। पूरी दुनिया में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। हमें अपने मन को इस परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए तैयार करना है। हम प्राय~ उन परिस्थितियों को लेकर परेशान हो जाते हैं जिन पर हमारा कोई वश नहीं होता है। परिस्थितियों से समन्वय बनाने और उसके अनुकूल कार्य करने की क्षमता का विकास करना चाहिए। हम तनाव और क्रोध में जब निर्णय करेंगे तो वह सही नहीं होगा। मन में नकारात्मक भाव हैं अथवा अशांति है तो निर्णय को कुछ देर के लिए टाल देना चाहिए। मन जब शांत होगा तब हमेशा निर्णय सही होगा। हमारे चारों ओर सकारात्मक और नकारात्मक विचार हैं। हम सदैव यह सोचें कि हम सर्वशक्तिमान ईश्वर की गुणी और संस्कारवान संतान हैं। हमारे पास बड़े से बड़ा कार्य करने की क्षमता है। हम जब सकारात्मक विचार करते हैं तो मष्तिष्क को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और शरीर तथा मन को प्रसन्नता का अनुभव होता है। इसी तरह नकारात्मक विचार से मन और शरीर दोनों को हानि होती है। यदि हम बीमार हुए और यह मानकर कि बीमारी आई है तो चली भी जाएगी सकारात्मक भाव से दवा लेते हैं तो उसका दुगना असर होता है, लेकिन कितनी भी अच्छी दवा हो हम दुखी मन से सेवन करेंगे तो वह आधा ही असर करेगी। हमारी परिस्थितियाँ सुख और दुख का अनुभव हमारे विचारों पर ही आधारित हैं। सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले अपने आप को जागृत करें। हम ईश्वर की सर्वशक्तिमान संतान हैं। हमारा जीवन सुखी होगा। हमारी हर कठिनाई दूर होगी। इन विचारों का कुछ देर तक मनन करें। स्वयं को भाग्यवान मानें। जिस तरह शरीर को ऊर्जा देने के लिए नाश्ता और भोजन किया जाता है उसी तरह मन को भी ऊर्जा देने के लिए सकारात्मक विचार दें। सुबह उठने के बाद एक से डेढ़ घंटे तक मोबाइल और अखबार से दूर रहें। हमारे विश्वविद्यालय में संकल्प शक्ति से रोगों के उपचार का सफल प्रयोग किया गया है। तनाव, अवसाद और एंजायटी जैसी मानसिक समस्याएं दवाओं से हल नहीं हो सकती हैं। इनका सही हल केवल आध्यात्मिक शक्ति से ही संभव है। मन में सदैव अच्छे विचार रखें। अपने बच्चों को भी यह विश्वास दिलाएं कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। जिस समस्या का हम समाधान नहीं कर पा रहे उसे लिख कर शिव बाबा को समर्पित कर दें। अपने मन को उससे मुक्त कर लें। शिव बाबा समस्या का निदान अवश्य करेंगे। हर व्यक्ति मन के विचारों को दो भागों में बांटकर रखे। नौकरी या अन्य कार्य करते हुए कर्मक्षेत्र में उसको जिन स्थितियों से गुजरना पड़ता है उसका असर घर परिवार पर न पड़ने दें। कार्यक्षेत्र का तनाव घर लेकर न आएं। कार्यक्रम में ब्राम्हकुमारी संस्था की क्षेत्रीय संचालक बहन बीके निर्मला ने कहा कि आज विन्ध्य क्षेत्र के अधिकारियों ने हम सब से जुड़कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने जो प्रयास किया है वह सराहनीय है। इसके लिए रीवा संभाग के कमिश्नर बधाई के पात्र हैं। हमारी संस्था में आकर और माउंट आबू जाकर भी कोई भी व्यक्ति दो-तीन दिनों की अवधि का राजयोग का प्रशिक्षण ले सकता है। कार्यक्रम में कमिश्नर बीएस जामोद ने प्रेरक उद्बोधन देने के लिए बीके सूरज भाई तथा ब्राम्हकुमारी संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, संभागीय अधिकारी तथा जिला अधिकारी शामिल हुए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954